PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

भीम प्रज्ञा अलर्ट

'रिश्ते शब्दों से नहीं, बल्कि समझ, विश्वास और समय पर किए गए संवाद से मजबूत बनते हैं; जहां संवाद खत्म होता है, वहां गलतफहमियां जन्म लेने लगती हैं। '

दैनिक

# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-167 | झुंझुनू (राजस्थान) | सोमवार, 11 मई, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

### 'रिश्तों की दीमकः गलतफहमी और संवादहीनता का बढ़ता संकट '

मानव जीवन रिश्तों के सहारे चलता है। परिवार, मित्रता, प्रेम, सामाजिक संबंध–ये सभी जीवन को अर्थ और संवेदना प्रदान करते हैं। इंसान कितना भी संपन्न या सफल क्यों ना हो, यदि उसके रिश्तों में अपनापन और विश्वास नहीं है, तो उसका जीवन भीतर से खाली रह जाता है। यही कारण है कि कहा जाता है कि रिश्ते जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। लेकिन आज यही रिश्ते एक ऐसी अदृश्य बीमारी से ग्रसित होते जा रहे हैं, जो बाहर से दिखाई नहीं देती, पर भीतर से उन्हें खोखला कर देती है। इस बीमारी का नाम है–गलतफहमी। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है। गलतफहमी किसी रिश्ते में अचानक पैदा नहीं होती। यह धीरे-धीरे पनपती है, ठीक वैसे ही जैसे दीमक लकड़ी को भीतर ही भीतर चाटती रहती है। बाहर से सब कुछ सामान्य दिखाई देता है, लेकिन अंदर मजबूती खत्म हो चुकी होती है। रिश्तों में भी अक्सर यही होता है। लोग एक ही घर में रहते हैं, साथ भोजन करते हैं, साथ मुस्कुराते भी हैं, लेकिन उनके बीच भावनात्मक दूरी बढ़ चुकी होती है। आज के समय में रिश्तों में संवाद कम और अनुमान अधिक हो गए हैं। लोग खुलकर बात करने के बजाय मन ही मन निष्कर्ष निकाल लेते हैं। हम यह मान लेते हैं कि सामने वाला बिना कहे हमारी भावनाओं को समझ जाएगा। जब ऐसा नहीं होता, तो मन में शिकायत जन्म लेती है और वही शिकायत धीरे-धीरे गलतफहमी का रूप धारण कर लेती है। यही गलतफहमी फिर अविश्वास, दूरी और अंततः रिश्तों के टूटने का कारण बनती है। समस्या केवल इतनी नहीं है कि लोग बात नहीं करते, बल्कि यह भी है कि लोग सुनना भी कम कर चुके हैं। हर व्यक्ति अपनी बात कहने में व्यस्त है, लेकिन दूसरे की भावनाओं को समझने का धैर्य कम होता जा रहा है। सोशल मीडिया और डिजिटल जीवन ने इस दूरी को और बढ़ा दिया है। एक ही घर में बैठे लोग घंटों मोबाइल स्क्रीन पर व्यस्त रहते हैं, लेकिन एक-दूसरे के मन की स्थिति जानने का समय नहीं निकाल पाते।

गलतफहमी की सबसे खतरनाक बात यह है कि वह सच से अधिक 'कल्पना' पर आधारित होती है। कई बार कोई व्यक्ति कुछ और कहना चाहता है, लेकिन सामने वाला उसका अर्थ कुछ और निकाल लेता है। छोटी-छोटी बातें मन में गांठ बन जाती हैं। फिर वही गांठें संबंधों की मिठास को समाप्त कर देती हैं। कई रिश्ते केवल इसलिए टूट जाते हैं क्योंकि लोगों ने समय रहते बैठकर बात नहीं की। यदि एक बार खुलकर संवाद हो जाए, तो अधिकांश भ्रम समाप्त हो सकते हैं। लेकिन अहंकार, जिद और 'पहले वही बोले' जैसी सोच रिश्तों को और कमजोर कर देती है। लोग माफी मांगने को अपनी हार समझ लेते हैं, जबकि सच यह है कि 'सॉरी' कहना कमजोरी नहीं, बल्कि रिश्ते बचाने की परिपक्वता है। भारतीय संस्कृति में रिश्तों को हमेशा संवाद और संवेदना से जोड़ा गया है। संयुक्त परिवारों की सबसे बड़ी ताकत यही थी कि लोग बैठकर सुख-दुख साझा करते थे। बुजुर्गों का अनुभव और परिवार का सामूहिक वातावरण गलतफहमियों को बढ़ने नहीं देता था। लेकिन आज का समाज व्यक्तिगत जीवन और आत्मकेंद्रित सोच की ओर बढ़ रहा है। परिणामस्वरूप रिश्तों में सहनशीलता कम होती जा रही है।

गलतफहमी का एक बड़ा कारण 'सुनी-सुनाई बातों' पर विश्वास करना भी है। कई लोग बिना सत्य जाने दूसरों की बातों को सच मान लेते हैं। यही स्थिति रिश्तों में विष घोलती है। किसी तीसरे व्यक्ति की कही बात यदि सीधे संबंधित व्यक्ति से पूछ ली जाए, तो कई संबंध टूटने से बच सकते हैं। लेकिन आज लोग सत्य जानने से अधिक प्रतिक्रिया देने में विश्वास करने लगे हैं। हमें यह समझना होगा कि रिश्ते कांच की तरह नहीं, बल्कि लकड़ी की तरह मजबूत होने चाहिए। लेकिन लकड़ी चाहे कितनी भी मजबूत क्यों ना हो, यदि उसमें दीमक लग जाए तो वह एक दिन टूट जाती है। इसलिए रिश्तों की मजबूती केवल प्रेम से नहीं, बल्कि स्पष्टता और विश्वास से आती है। जीवन में सबसे सुंदर रिश्ता वही होता है, जहाँ लोग बिना डर और झिझक के अपनी बात कह सकें। जहाँ शिकायतों को मन में दबाने के बजाय साझा किया जाए। जहाँ एक-दूसरे की भावनाओं को समझने का प्रयास हो। रिश्तों में मौन कई बार सबसे बड़ा खतरा बन जाता है, क्योंकि जब संवाद खत्म होता है, तब भ्रम अपनी जगह बना लेता है। आज समाज को रिश्तों को बचाने के लिए संवाद की संस्कृति को फिर से जीवित करना होगा। परिवारों में साथ बैठने की आदत, एक-दूसरे की बात सुनने का धैर्य और अपनी गलती स्वीकार करने का साहस विकसित करना होगा। क्योंकि रिश्ते जीतने से नहीं, निभाने से चलते हैं।

**अंततः** यह याद रखना चाहिए कि गलतफहमी का अंधेरा वहीं तक रहता है, जहाँ संवाद की रोशनी नहीं पहुंचती। 'जहाँ स्पष्टता, विश्वास और सच्चाई की धूप होती है, वहाँ भ्रम की दीमक कभी टिक नहीं सकती।' इसलिए रिश्तों को बचाना है तो संवाद को जीवित रखना होगा, क्योंकि टूटे हुए रिश्ते केवल लोगों को नहीं, पूरे समाज को कमजोर कर देते हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर के शहीद सार्जेंट सुरेंद्र मोगा को भावभीनी श्रद्धांजलि, गांव ने गर्व से किया नमन

# मंदिर से पहले शहीद स्मारकों पर करें नमन : प्रेम सिंह बाजोर

## देशभक्ति के माहौल में शहीद सुरेंद्र मोगा अमर रहें के लगे जयकारे

## वीरांगना सहित परिवार का हुआ सम्मान, पहली पुण्यतिथि पर मेहरादासी में उमड़ा जनसैलाब

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** उपखंड क्षेत्र के गांव मेहरादासी में रविवार को ऑपरेशन सिंदूर के वीर शहीद सार्जेंट सुरेंद्र मोगा की प्रथम पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद सुरेंद्र मोगा की प्रतिमा एवं स्मारक का विधिवत अनावरण और लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सेना के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी तथा ग्रामीण मौजूद रहे। पूरे गांव में देशभक्ति, गर्व और सम्मान का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैनिक कल्याण बोर्ड सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुल्हारी ने की। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व सांसद संतोष अहलावत, पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़, झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, पूर्व प्रधान सुशीला सिंगडा, पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खीचड़, भाजपा सीकर प्रभारी वरिष्ठ नेता दिनेश धाभाई, जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, राष्ट्रीय परिषद सदस्य विशंभर पूनिया, शिक्षाविद हरलाल मोगा, राजेश मोगा तथा भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज, ग्रुप कैप्टन प्रदीप कुमार, मंडावा तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर सहित कई सैन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। अतिथियों ने शहीद की वीरांगना सीमा देवी, पुत्री कृतिका, पुत्र दक्ष एवं माता नानू देवी का शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। मुख्य अतिथि प्रेम सिंह बाजोर ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद केवल किसी परिवार या गांव के नहीं होते, बल्कि पूरे देश की अमूल्य धरोहर होते हैं। उन्होंने कहा कि शहीद देवताओं के समान पूजनीय हैं और हमें हर खुशी तथा हर अवसर पर उन्हें याद कर नमन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर कभी मरते नहीं, बल्कि सदैव अमर रहते हैं। अध्यक्षता कर रही भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुल्हारी ने कहा कि शहीद सुरेंद्र मोगा ने अपने साहस, कर्तव्यनिष्ठा और बलिदान से पूरे राजस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने कहा कि मेहरादासी गांव को अपने वीर सपूत पर गर्व है। देश की रक्षा के लिए दिया गया यह सर्वोच्च बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़ ने कहा कि शहीदों की बदौलत ही देश सुरक्षित है और हमें उनके परिवारों के सम्मान एवं सहयोग के लिए सदैव आगे रहना चाहिए। झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि शहीद सुरेंद्र मोगा ने अंतिम सांस तक अपने साथियों की सहायता कर कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की। उनका बलिदान सदैव देशवासियों के दिलों में अमर रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रशासनिक एवं सैन्य अधिकारियों ने भी शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साहस और सेवा भावना को नमन किया। समारोह के दौरान भारत माता के जयकारों और शहीद सुरेंद्र मोगा अमर रहें के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।



### परिवार में आज भी जिंदा है देशभक्ति का जज्बा

गांव मेहरादासी में आज भी शहीद सुरेंद्र मोगा का नाम गर्व और सम्मान के साथ लिया जाता है। परिवार के दर्द में भी देशभक्ति का जज्बा साफ दिखाई देता है। शहीद की पत्नी सीमा देवी आज भी उनकी यादों के सहारे परिवार की जिम्मेदारियां निभा रही हैं। उनके दो बच्चे पुत्री कृतिका कक्षा 7 तथा पुत्र दक्ष कक्षा 3 में अध्ययनरत हैं। साथ ही वे अपनी सास नानू देवी की भी देखभाल कर रही हैं। तीन बहनों के इकलौते भाई सुरेंद्र मोगा ने हमेशा परिवार और देश दोनों के प्रति अपनी जिम्मेदारियां पूरी निष्ठा से निभाईं। भारतीय वायुसेना ने भी उनकी स्मृति को सम्मान देते हुए दिल्ली स्थित एयरफोर्स सेंट्रल मेडिकल एस्टेब्लिशमेंट में एक हॉल का नाम 'सुरेंद्र हॉल' रखा है। बीते वायुसेना दिवस पर उनकी वीरांगना और बच्चों को सम्मानित भी किया गया था।

### अमर शहीद सार्जेंट सुरेंद्र मोगा की प्रतिमा का अनावरण;

गांव मेहरादासी के लाड़ले और ऑपरेशन सिंदूर के हीरो, वायु सेना मेडल (गैलेंट्री) से सम्मानित शहीद सार्जेंट सुरेंद्र मोगा की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह रविवार को देशभक्ति के ज्वार के साथ संपन्न हुआ। इस गौरवमयी अवसर पर भारतीय सेना व वायुसेना के शीर्ष अधिकारियों, राजनेताओं और हजारों की संख्या में आमजन ने शहीद को नमन किया।

### प्रेम सिंह बाजोर की बड़ी घोषणाएँ

समारोह के मुख्य अतिथि एवं सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर ने शहीद के प्रति गहरी श्रद्धा प्रकट करते हुए घोषणा की कि शहीद की इस भव्य प्रतिमा के निर्माण का खर्च उनके द्वारा व्यक्तिगत रूप से वहन किया गया है। इसके साथ ही, उन्होंने शहीद परिवार को संबल देते हुए विश्वास दिलाया कि वे शहीद वीरांगना सीमा मोगा को नायब तहसीलदार के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दिलवाने के लिए पूर्ण प्रयास करेंगे और इसका ठोस आश्वासन दिया।

### शहीद परिवार का भावपूर्ण सम्मान

समारोह के दौरान शहीद की माता नानू देवी, वीरांगना सीमा मोगा और शहीद के बच्चों वर्तिका व दक्ष का मंच पर सार्वजनिक अभिनंदन और सम्मान किया गया। विभिन्न पूर्व सैनिक संगठनों ने भी शहीद परिवार के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

### स्वागत, अभिनंदन एवं आभार

समारोह में प्यारेलाल मोगा, शिवचंद मोगा, रवि मोगा, संजीव मोगा, रामनिवास मिल, इंद्राज मिल और राहुल मिल ने सभी आगंतुकों का स्वागत और अभिनंदन किया। मंच का सफल संचालन हरीश हिंदुस्तानी और विजय हिन्द जालिमपुरा ने किया। शहीद के भाई राजेश मोगा ने सभी सैन्य अधिकारियों, अतिथियों और जनसैलाब का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीद को श्रद्धांजलि दी गई। भारत माता के जयकारों और राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

### सैन्य अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति

समारोह में भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति विशेष आकर्षण रही। लेफ्टिनेंट जनरल सतपाल कटेवा और लेफ्टिनेंट जनरल केके रेपसवाल ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके शौर्य को युवाओं के लिए मार्गदर्शक बताया। साथ ही, वायुसेना की ओर से एयर फोर्स स्टेशन जयपुर के स्टेशन कमांडर ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज अपने एयरवोरियर्स के दल के साथ पहुंचे। दिल्ली से ग्रुप कैप्टन प्रदीप ने वायुसेना अध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में शिरकत की।










### अदम्य वीरता का प्रतीक थे सार्जेंट सुरेंद्र मोगा

सार्जेंट सुरेंद्र मोगा भारतीय वायुसेना में वर्ष 2010 में भर्ती हुए थे। वर्ष 1990 में जन्मे सुरेंद्र मोगा जम्मू-कश्मीर के उधमपुर स्थित 39 विंग एयरफोर्स स्टेशन पर कॉम्बैट मेडिक के रूप में कार्यरत थे। 10 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन की बमबारी में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने अंतिम सांस तक अपने साथियों की सहायता जारी रखी और कर्तव्य निभाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। वे ऑपरेशन सिंदूर में शहीद होने वाले भारतीय वायुसेना के एकमात्र वायु योद्धा तथा राजस्थान के भी एकमात्र शहीद रहे। उनकी अदम्य वीरता, निडरता और कर्तव्यनिष्ठा को सम्मान देते हुए भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस 2025 की पूर्व संध्या पर उन्हें मरणोपरांत 'वायु सेवा मेडल (मिलिट्री)' से सम्मानित किया था। इससे पहले 12 अगस्त 2025 को तत्कालीन वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह भी उनके निवास पहुंचे थे और परिजनों का सम्मान कर श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

## एफपीआई कंपनी में गार्ड की मौत पर बवाल, लापरवाही के आरोप में ग्रामीणों का धरना

### कंपनी प्रबंधन ने आरोपों को नकारा, पुलिस-प्रशासन ने संभाला मोर्चा

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेश चंद ।** शाहजहांपुर के पास गुगलकोटा स्थित एफपीआई कंपनी में ड्यूटी के दौरान एक गार्ड की मौत के बाद रविवार को हालात तनावपूर्ण हो गए। मृतक की पहचान चौबारा निवासी पुरोष्तम (45) के रूप में हुई है, जो पिछले करीब 18 महीनों से कंपनी में गार्ड के पद पर कार्यरत था। घटना के बाद चौबारा गांव के सैकड़ों ग्रामीण कंपनी के मुख्य गेट पर एकत्र हो गए और प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुरोष्तम की मौत कंपनी परिसर में ही हो गई थी, लेकिन मामले को दबाने के लिए दस्तावेजों में हेरफेर कर उसे नीमराना के अस्पताल में रेफर दिखाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय पर उचित उपचार उपलब्ध कराया जाता तो उसकी जान बच सकती थी। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की। वहीं कंपनी के प्लांट हेड देवेंद्र चौधरी ने ग्रामीणों के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह करीब 6 बजे गार्ड की तबीयत खराब होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही कंपनी की गाड़ी से उसे तुरंत नीमराना स्थित सोनी देवी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक की आशंका जताते हुए मरीज को उच्च केंद्र रेफर करने की सलाह दी। देवेंद्र चौधरी के अनुसार, कंपनी प्रबंधन ने तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर उसे जयपुर के लिए रवाना किया, लेकिन रास्ते में ही गार्ड ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना तुरंत परिजनों को दे दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। फिलहाल कंपनी गेट के बाहर तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।




### 15 हजार का इनामी रोहिताश मीणा गिरफ्तार, मांगूसिंह हत्याकांड में महीनों से पुलिस को दे रहा था चकमा

#### 700 किमी दूर भोपाल में भेष बदलकर छिपा बैठा था हत्या का मुख्य आरोपी

भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।

**मनोज खंडेलवाल ।** पुरानी रंजिश में हुई मांगूसिंह हत्याकांड की गूंज के बीच बालाहेड़ी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 15 हजार रुपए के इनामी मुख्य आरोपी को आखिरकार दबोच लिया। घटना के बाद से फरार चल रहा आरोपी लगातार शहर बदलकर और भेष बदलकर पुलिस को गुमराह कर रहा था, लेकिन बालाहेड़ी थाना पुलिस की विशेष टीम ने करीब 700 किलोमीटर दूर भोपाल से उसे गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता की चर्चा बनी हुई है।

महवा वृत्ताधिकारी मनोहरलाल मीणा के सुपरविजन तथा थानाधिकारी सत्यनारायण के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की।



# डायबिटीज के बावजूद भी आप खा सकती हैं मन पसंद मिठाइयां

**क्या आपको डायबिटीज है? और क्या आप मिठाइयां खा सकती हैं? तो जवाब है हां! विशेषज्ञ से जानिए क्या है इसका तरीका।**डायबिटीज एक लाइफस्टाइल डीजीज है। सरल भाषा में कहें, तो यह एक ऐसी बीमारी है, जो एक बार लग जाए तो उम्र भर आपका साथ नहीं छोड़ती है और जोंक की तरह चिपकी रहती है। शरीर में इंसुलिन की कमी के कारण ब्लड शुगर लेवल में उतार चढ़ाव होता रहता है और रोगी को अपने शुगर इंटेक को कम करना होता है। तो यदि आपको डायबिटीज है, तो क्या आप अब जीवन में चीनी का सेवन कभी नहीं कर पाएंगी? सुनने में तो ऐसा ही लगता है, क्योंकि हर किसी का कहना है कि डायबिटीज़ के मरीज चीनी नहीं खानी चाहिए। तो क्या इसका मतलब है कि अब आपको हर तरह से चीनी छोड़नी होगी? जी नहींज डायबीटीज के मरीज को चीनी कम खानी चाहिए, लेकिन इसे बिल्कुल छोड़ देना गलत है।इस बारे में अधिक जानकारी देने के लिए सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट और फूड दर्जी के सह-संस्थापक, डॉ. सिद्धांत नें अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट साझा की। वे आलिया भट्ट और सारा अली खान जैसी एक्ट्रेस को खानपान के तरीकों में गाइड करते हैं।


**तो क्या डायबिटीज के मरीज भी चीनी या अन्य मिठाइयों का सेवन कर सकते हैं? चलिये पता करते हैं** यदि किसी को डायबिटीज है, तो उसे अपने कार्ब्स ओर चीनी के सेवन को नियंत्रित करना चाहिए। मगर फिर भी कई लोग मीठा खाते हैं, लेकिन कैसे? वे मीठा तब तक खा सकते हैं, जब तक कि यह मॉडरेशन में है या एक स्वस्थ आहार का हिस्सा है। मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति कितनी मात्रा में कार्बोहाइड्रेट और शर्करा खा सकता है, यह कुछ कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें शामिल हैं-

उनकी गतिविधि का स्तर

**उनका वज़न**-अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन के अनुसार डायबिटीज के मरीज एक दिन में सिर्फ 25 ग्राम चीनी खा सकते हैं।

डायबिटीज के मरीज कैसे कर सकते हैं आप हेल्दी तरह के मिठाइयों का सेवन

**शुगर फ्री मिठाइयां खा कर**-डॉ. सिद्धांत के अनुसार आप किसी भी प्रकार के शुगर फ्री डिसर्ट को अपनी डाइट में शामिल कर सकती हैं। इसकी वजह से आपको अपनी शुगर क्रेविंग्स को कंट्रोल भी नहीं करना पड़ेगा और आप मिठाइयों का आनंद भी ले पाएंगी। **कीटो डिसर्ट खाएं**-कीटो डिसर्ट डायबिटीज के मरीजों की समस्याओं का हल कर सकते हैं। डॉ. सिद्धांत बताते हैं कि कीटो डिसर्ट खाने में मीठे होते हैं और इनका गुड फैट कंटेंट बहुत अच्छा होता है। जिसकी वजह से चीनी धीरे धीरे शरीर में घुलती है, जो मधुमेह के मरीजों के लिए अच्छा है। **मॉडरेशन में खाएं और एक्सरसाइज करें**-यदि त्योहार पर आप वाकई में मीठा खाना चाहते हैं, तो डॉ. सिद्धांत की सलाह है कि मिठाइयां बहुत ही कम मात्रा में खाएं। कुछ भी मीठा खाने के बाद एक्सरसाइज करें और मीठा खाने से पहले यह सुनिश्चित करें कि क्या आप अपनी दवाइयां सही तरह से ले रहे हैं।



**डायबिटीज एक लाइफस्टाइल डीजीज है। सरल भाषा में कहें, तो यह एक ऐसी बीमारी है, जो एक बार लग जाए तो उम्र भर आपका साथ नहीं छोड़ती है और जोंक की तरह चिपकी रहती है। शरीर में इंसुलिन की कमी के कारण ब्लड शुगर लेवल में उतार चढ़ाव होता रहता है और रोगी को अपने शुगर इंटेक को कम करना होता है। तो यदि आपको डायबिटीज है, तो क्या आप अब जीवन में चीनी का सेवन कभी नहीं कर पाएंगी? सुनने में तो ऐसा ही लगता है**

# बढ़ते बच्चों में कॉमन है शाम के समय टांगों में दर्द होना



**बच्चे दिनभर भाग दौड़ करते हैं और शाम के वक्त या सोते समय बच्चे लेग पेन की समस्या का सामना करते हैं। आमतौर पर कम उम्र में शुरू होने वाली इस पेन को ग्रोइंग पेन कहा जाता है। जानते हैं कि कैसे इस समस्या से पाएं राहत दिनभर खेलने के बाद अधिकतर बच्चे टांगों में दर्द की शिकायत करने लगते हैं। बच्चों की टांगों में होने वाला दर्द माता पिता की चिंता का कारण बनने लगता है। अधिकतर पेरेंटस इसे शारीरिक कमज़ोरी से जोड़कर देखने लगते हैं।**

बच्चे दिनभर भाग दौड़ करते हैं और शाम के वक्त या सोते समय बच्चे लेग पेन की समस्या का सामना करते हैं। आमतौर पर कम उम्र में शुरू होने वाली इस पेन को ग्रोइंग पेन कहा जाता है। जानते हैं कि कैसे इस समस्या से पाएं राहत दिनभर खेलने के बाद अधिकतर बच्चे टांगों में दर्द की शिकायत करने लगते हैं। बच्चों की टांगों में होने वाला दर्द माता पिता की चिंता का कारण बनने लगता है। अधिकतर पेरेंटस इसे शारीरिक कमज़ोरी से जोड़कर देखने लगते हैं। दरअसल बच्चे दिनभर भाग दौड़ करते हैं और शाम के वक्त या सोते समय बच्चे लेग पेन की समस्या का सामना करते हैं। आमतौर पर कम उम्र में शुरू होने वाली इस पेन को ग्रोइंग पेन कहा जाता है। जानते हैं ग्रोइंग पेन क्या है और इससे निपटने के लिए किन टिप्स को करें फॉलो ।

**क्यों बढ़ने लगती है बच्चों में ग्रोइंग पेन की समस्या**-इस बारे में पीडियाट्रिशियन डॉ अभिषेक नायर बताते हैं कि बच्चों के पैरों की मांसपेशियों में होने वाले दर्द को ग्रोइंग पेन कहा जाता है। ये दर्द थाइज और पिडंलियों में होने लगता है, जो रात में बढ़ जाता है। इससे बच्चे को सोने में तकलीफ हो सकती है। ये दर्द 2 से लेकर 12 साल की उम्र के बच्चों में पाया जाता है। हालांकि इससे बच्चों को खेलने या चलने के दौरान कोई परेशानी नहीं होती। ये पूरी तरह से सामान्य है और किशोरावस्था में धीरे-धीरे खत्म हो जाता है।पर अगर बच्चे को दर्द के साथ बुखार, वज़न कम होने और टांगों में सूजन होने लगे, तो उसके लिए तुरंत जांच करवाना जरूरी है।युनिवर्सिटी ऑफ यूटा हेल्थ के अनुसार बच्चों को बढ़ती उम्र में टांगों में दर्द की समस्या का सामना करना पड़ता है। इस प्रकार के दर्द को ग्रोइंग पेन कहा जाता है। अधिकतर शाम के वक्त या रात को सोते वक्त टांगों में दर्द महसूस होता है।दरअसल, बच्चे दिनभर एक्टिव रहते हैं। देर शाम या रात के वक्त मसल्स के ओवरयूज के चलते लेग पेन का सामना करना पड़ता है। आमतौर पर बच्चों को काफ मसल्स, थाइज़ और घुटनों के पीछे दर्द की शिकायत रहती है। ग्रोइंग पेन आमतौर पर 5 साल या उससे अधिक उम्र के बच्चों में पाया जाता है। ये पेन दोनों टांगों में कुछ समय के अंतराल में महसूस होता है। इन आसान उपायों की मदद से बच्चों को ग्रोइंग पेन से मिल जाती है राहत

1. **मसाज करें**-टांगों में कुछ देर मसाज करने से बच्चों को दर्द से राहत मिलने लगती है। रात को सोने से पहले मसाज करना बच्चों के लिए फायदेमंद साबित होता है। इससे रात में दर्द के कारण बार बार उठने की समस्या हल हो जाती है और मसल्स में बढ़ने वाला तनाव भी दूर होने लगता है।
2. **स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज**-दिनभर में बच्चों को कुछ वक्त स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज अवश्य करवाएं। इससे मांसपेशियों में बढ़ने वाले दर्द को कम करने में मदद मिलती है। इसके अलावा मसल्स मज़बूत बनते हैं, जिससे पेन से राहत मिलने लगती है। 15 मिनट की एक्सरसाइज़ फायदेमंद साबित होती है।
3. **आहार में पोषक तत्वों को जोड़े**-बच्चों के आहार में हरी पत्तेदार सब्जियां, स्किन समेत फल और साबुत अनाज को शामिल करें। इसके अलावा बढ़ती इनडोर एक्टीविटीज़ के कारण बच्चों में विटामिन डी की कमी भी बढ़ने लगती है। इससे बचने के लिए पौष्टिक आहार लें और पोषक तत्वों को आहार में सम्मिलित करें।, ताकि बच्चों के मसल्स को मज़बूती मिल सके।
4. **डिहाइड्रेशन से बचाएं**-बच्चे को एक्टिव और हेल्दी बनाए रखने के लिए सर्वोत्तम आहार के साथ पानी की नियमित मात्रा भी आवश्यक है। दिनभर में बच्चे को छोटे अंतराल के बाद पानी पिलाएं। इससे मसल्स नेल की समस्या को दूर करने में मदद मिलती है। साथ ही बच्चे की ओवरऑल हेल्थ भी उचित रहती है।

# आपके मुंह में एक मूक खतरा

# भारत में बढ़ता ओरल कैंसर का बोझ

**जयपुर।** ओरल कैंसर शुरुआती चरणों में अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के होता है, लेकिन भारत में यह बिल्कुल भी दुर्लभ नहीं है। भारत में ओरल कैंसर के मामलों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है, जहां हर साल 1 लाख से अधिक नए मामले सामने आते हैं। यह देश में कुल कैंसर मामलों का लगभग 30% हिस्सा है। हालांकि, यह सबसे अधिक रोके जा सकने वाले कैंसरों में से एक है और यदि शुरुआती अवस्था में पहचान हो जाए



तो इसका इलाज भी काफी हद तक संभव है। तंबाकू का सेवन–किसी भी रूप में–ओरल कैंसर का सबसे बड़ा कारण है, जो लगभग 95% मामलों के लिए जिम्मेदार है। GLOBOCAN 2022 और नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम (NCRP) के आंकड़ों के अनुसार, हर साल लगभग 1,43,759 से 1,46,000 नए ओरल कैंसर के मामले सामने आते हैं। इसके अलावा, हर वर्ष 52,000 से 75,000 लोगों की मृत्यु होती है–यानि औसतन हर घंटे 5 से अधिक मौतें। डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा, कंसल्टेंट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (हेड एंड नेक), फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर ओरल कैंसर के जोखिम कारक, शुरुआती संकेत, जांच, उपचार और बचाव के उपायों पर प्रकाश डालते हैं।

**ओरल कैंसर के प्रमुख जोखिम कारक**

**तंबाकू का सेवन-** भारत में 80% से अधिक मामलों का संबंध तंबाकू से है, विशेषकर गुटखा, पान मसाला और खैनी जैसे स्मोकलेस तंबाकू से।

**सुपारी (एरिका नट)-** सुपारी चबाने की आदत एक महत्वपूर्ण कैंसरकारी कारण है।

**शराब और धूम्रपान-** शराब और बीड़ी/सिगरेट का संयुक्त सेवन जोखिम को कई गुना बढ़ा देता है।

**एचपीवी संक्रमण-** ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (विशेषकर HPV 16/18) एक उभरता हुआ कारण है, जो 20-30% मामलों में पाया जाता है, खासकर युवाओं में।

शुरुआती चेतावनी संकेत जिन्हें नजरअंदाज न करें-

मुंह के छाले जो 2-3 हफ्तों में ठीक न हों

मुंह के अंदर लाल या सफेद धब्बे

गाल या जीभ में गांठ, सूजन या मोटापन

खाने, निगलने या बोलने में कठिनाई

आवाज बैठना या कान में दर्द

बिना कारण वजन घटना या दांतों का ढीला होना

**ओरल कैंसर की जांच कैसे होती है?**

शुरुआती पहचान बेहतर उपचार परिणामों की कुंजी है। समय पर सर्जरी और अन्य उपचार से जीवित रहने की संभावना काफी बढ़ जाती है। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग, तंबाकू/शराब सेवन करने वाले और जिनके परिवार में कैंसर का इतिहास है, उन्हें नियमित जांच करानी चाहिए।स्क्रीनिंग सरल, तेज और बिना दर्द वाली प्रक्रिया है, जिसमें मुंह की सामान्य जांच की जाती है। यदि कोई असामान्यता दिखती है, तो आगे की जांच की जाती है जैसे-

विस्तृत ओरल एग्जामिनेशन

बायोप्सी (कैंसर कोशिकाओं की पुष्टि के लिए)

सीटी स्कैन, एमआरआई या पीईटी स्कैन

भारत में अक्सर यह कैंसर देर से पकड़ा जाता है, जिसका मुख्य कारण जागरूकता की कमी है। इसलिए उच्च जोखिम वाले लोगों को साल में कम से कम एक बार जांच जरूर करानी चाहिए।

**उपचार के विकल्प**

कैंसर के स्तर और स्थान के अनुसार उपचार तय होता है-

सर्जरी

रेडिएशन थेरेपी

कीमोथेरेपी

उन्नत चरणों में टारगेटेड थेरेपी या इम्यूनोथेरेपी

बचाव छोटे कदम, बड़ा असर

तंबाकू का पूर्ण त्याग

शराब का सीमित सेवन

अच्छी मौखिक स्वच्छता बनाए रखना

फल और सब्जियों का नियमित सेवन

नियमित स्वास्थ्य जांच

असामान्य धब्बों, घाव या गांठों के प्रति सतर्क रहना

ओरल कैंसर केवल एक चिकित्सा समस्या नहीं, बल्कि एक व्यवहार से जुड़ी समस्या भी है। जागरूकता और नियमित जांच के माध्यम से हर साल हजारों जानें बचाई जा सकती हैं।

इस ओरल कैंसर जागरूकता माह में, एक मिनट निकालकर अपने मुंह की जांच जरूर करें–यह समय रहते किसी गंभीर बीमारी को पहचानने का सबसे आसान तरीका हो सकता है।

# सुबह उठने के बाद पेट फूला हुआ महसूस होता है

## तो जानिए इसका कारण और बचाव के उपाय

ब्लोटिंग के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। बहुत से लोगों को अलग अलग स्थितियों में ब्लोटिंग की समस्या होती है, जैसे की कुछ लोग सुबह उठते के साथ तो कुछ लोग पानी पीने के बाद ब्लोटिंग का अनुभव करते हैं। जानें इसका कारण और अवॉइड करने के टिप्स।कई लोग ऐसे हैं जिन्हे सुबह उठते के साथ ब्लोटिंग महसूस होता है। वहीं कुछ लोगों को हेल्दी खाने के बाद या पानी पीने के बाद भी ब्लोटिंग का अनुभव होता है। क्या आप भी इन्ही में से एक हैं? यदि हां, तो क्या आप जानती हैं ऐसा क्यों होता है? इसके पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। यदि किसी समस्या का कारण मालूम हो तो परेशानी को बढ़ने से रोका जा सकता है। आज हम जानेंगे इन स्थितियों में ब्लोटिंग क्यों होती है साथ ही जानेंगे इनसे कैसे निपटा जा सकता है।

**पहले जानें उठते के साथ आखिर क्यों होती है ब्लोटिंग**-सुबह उठते के साथ ब्लोटिंग महसूस होने के कई कारण हो सकते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है डाइजेस्टिव ट्रैक्ट में फंसा गैस, जिसकी वजह से सुबह पेट फुला हुआ महसूस होता है। साथ में पेट में दर्द का अनुभव भी हो सकता है। सुबह उठने के साथ ब्लोटिंग महसूस होने के पीछे आपकी रात की गतिविधियां भी शामिल होती हैं, जैसे कि लेट नाइट स्नैकिंग, आप रात को क्या खाती और पीती हैं सुबह के पाचन क्रिया की स्थिति इसपर काफी ज्यादा निर्भर करती है। रात को हाई सोडियम फूड्स का सेवन वॉटर रिटेंशन का कारण बनता है। वहीं खाने के तुरंत बाद बेड पर जाकर लेट जाना और सोने से तुरंत पहले अधिक मात्रा में भोजन करना भी मॉर्निंग ब्लोटिंग का कारण बनता है।

1. *गैस पैदा करने वाले खाद्य पदार्थों से पूरी तरह परहेज करें, खासकर रात को सोने से पहले इन खाद्य पदार्थों से दूरी बनाए रखें।*
2. *रात को डिनर में स्मॉल मिल लें, क्युकी हैवी मिल आपको परेशानी में डाल सकती है।*
3. *रात को खाने के तुरंत बाद बेड पर न लेटें।*
4. *पूरे दिन में खासकर रात के समय लो सोडियम फूड्स का सेवन करें।*
5. *रात के समय बेड पर जाने से पहले या पूरे दिन में अदरक, तुलसी, दालचीनी, आदि से बना हर्बल ड्रिंक लें।*
6. रात को खाने के बाद कुछ देर वॉक करने की आदत बनाएं। साथ ही पूरे दिन में उचित समय तक बॉडी को एक्टिव रखें।

**अब जानें पानी पीने के बाद ब्लोटिंग महसूस होने के कारण**-जब शरीर को अतिरिक्त पानी से छुटकारा नहीं मिलता है, तो बॉडी सेल्स इसे जगह देने के लिए फूल जाती हैं। परिणामस्वरूप, जब तक आप अपने पानी का सेवन कम नहीं कर देते, और आपकी किडनी पानी को प्रभावी रूप से नहीं पचा पाती, तब तक आपका पेट ब्लोटेड महसूस हो सकता है। पानी से भरा पेट कई लोगों में नौसिया का कारण बन सकता है। यदि आप एक्सिसिव फ्लूइड इंटेक करती हैं, तो आपको पेट में असहज महसूस हो सकता है, यह संकेत देता है की आपकी बॉडी ओवरहाइड्रेटेड हो चुकी है।वाटर ब्लोट को पेट के फैलाव के रूप में भी जाना जाता है, जो पाचन तंत्र में अतिरिक्त तरल पदार्थ से जुड़ा हुआ है।आईएसआरएन गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार फ्लूइड की बढ़ी हुई मात्रा स्माल इंटेस्टाइन में जमा हो जाती है, और सूजन का कारण बनती है। हालांकि, रिसर्च के अनुसार अतिरिक्त पानी रात भर में अवशोषित हो जाता ।

# गुरु रविदास आश्रम नारनौल में संयुक्त रूप से मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा और डॉ. अंबेडकर जयंती

## वक्ताओं ने बुद्ध और बाबा साहेब के विचारों को अपनाने का किया आह्वान, बड़ी संख्या में समाजबंधु रहे मौजूद

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.नारनौल।**




गुरु रविदास महासभा के तत्वावधान में गुरु रविदास आश्रम नारनौल में बुद्ध पूर्णिमा एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह संयुक्त रूप से बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में समाज के गणमान्य लोगों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम में गुरु रविदास आश्रम के पीठासीन महंत बालकदास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के प्रधान बाबुलाल नारनौलिया ने की। मंच संचालन का कार्य भूप सिंह भारती ने प्रभावी ढंग से निभाया। समारोह को संबोधित करते हुए हरियाणा अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के पूर्व प्रधान एवं पूर्व चीफ मैनेजर जयनारायण दुग्गल ने कहा कि समाज को तथागत बुद्ध के करुणा, अहिंसा और सेवा भाव के सिद्धांतों को जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकारों के साथ-साथ नागरिकों को अपने कर्तव्यों का भी ईमानदारी से पालन करना चाहिए।

कार्यक्रम को प्रवक्ता यशवंत यादव, जगराम कालिया, रघुबीर सैनी, रामसिंह धाकड़, रतन लाल सुधाकर, अशोक कुमार, बाबुलाल, दर्शन जिलोवा, लाजपत सिरोहा, रामनिवास खीची, सूबेदार फूलसिंह, अशोक दास नारनौलिया, बीएसपी जिला प्रधान प्रमोद कटारिया एवं कुमारी खुशी ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने तथागत बुद्ध एवं बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन, सामाजिक समरसता, शिक्षा, समानता और मानवता के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर उमराव गोरा, मैनेजर सुधीर कुमार, सुभाष भारती, रघुबीर नारनौलिया, सुरेंद्र कुमार, कैलाश चंद नारनौलिया, मुन्नेलाल, रोहताश एसडीओ, सुरेश कुमार नारनौलिया, राजेंद्र कुमार, रामस्वरूप थानेदार, लेखराम, गोबिंद राम नारनौलिया, नरेश ढोसीवाल, दिग्विजय सिंह, मनोहर लाल, राधेश्याम, रमेश कुमार, पवन कुमार, लोकेश, रूपचंद, एडवोकेट भीम सिंह दहिया, दयानंद सांवरिया, कमल, मुकेश, दीपक, गोपाल, माधवदास, कमल महायच, ओमप्रकाश, हरिसिंह रेवला, रोहताश हरियाणा रोडवेज सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। समारोह के दौरान वक्ताओं ने समाज को शिक्षा, संगठन और जागरूकता के माध्यम से आगे बढ़ने का संदेश देते हुए बुद्ध एवं बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# शिक्षक नेता महरिया का नागरिक अभिनंदन हुआ

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**




शिक्षक नेता व समाजसेवी हरलाल महरिया के राजस्थान प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रदेश स्तरीय चुनाव में निर्विरोध प्रदेश मंत्री निर्वाचित होने पर स्थानीय अंबेडकर भवन में अंबेडकर विचार मंच की ओर से महरिया का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्जुनलाल वर्मा ने की। समारोह संयोजक भागीरथमल फदनपुरा ने महरिया के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला तथा मंच के पूर्व जिला अध्यक्ष हरफूल सिंह ने महरिया को साफा, सरपंच प्रतिनिधि रामचंद्र कसवाली ने शॉल व पूर्व सरपंच कैलाश बाबर ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मोहनलाल महरिया , छोटेलाल आलड़ीया, रघुवीर महरिया, बीरबल सिंह, जितेंद्र महरिया, सुनील महरिया, नरेश मंडार , भागीरथ तंवर, मदनलाल रोलन आदि ने माल्यार्पण कर महरिया का अभिनंदन किया। इस अवसर पर भूमा बड़ा सरपंच कैलाश ढूकिया , शिक्षाविद् ओमप्रकाश ढाका, समाजसेवी सुभाष ढाका, राजेंद्र महरिया , समाजसेवी प्यारेलाल ढाका आदि ने भी साफा, शॉल व माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह का संचालन गणेश चौहान ने किया तथा रामचंद्र रोलन ने आभार व्यक्त किया।

# नीमराना नगर कांग्रेस का 'उमंग उत्सव' अभियान, दौलतसिंहपुरा में बेटियों का किया सम्मान

## नगर अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी के नेतृत्व में वामिका और अवनी को भेंट किए मोमेंटो, खिलौने व मिठाइयां

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** नीमराना नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे 'बेटी के जन्म को उमंग उत्सव' अभियान के तहत शनिवार को ग्राम दौलतसिंहपुरा में दो नवजात बालिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने गांव पहुंचकर बेटियों और उनके परिजनों को माला पहनाकर, मोमेंटो, खिलौने एवं मिठाइयां भेंट कर मान-सम्मान किया। इस अवसर पर रिंकू यादव और माता अनु देवी की पुत्री वामिका तथा दादा सुरेश चंद एवं दादी सुमन देवी का सम्मान किया गया। वहीं तरुण कुमार और प्रीति देवी की पुत्री अवनी तथा दादा विजेंद्र यादव एवं दादी प्रमिला देवी को माला पहनाकर बधाई दी गई। कांग्रेस पदाधिकारियों ने दोनों परिवारों को बेटी के जन्म पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि बेटियां परिवार व समाज का गौरव हैं। नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी ने कहा कि कांग्रेस कमेटी का उद्देश्य बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना है। 'उमंग उत्सव' के जरिए हम यह संदेश देना चाहते हैं कि बेटी का जन्म किसी उत्सव से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए कांग्रेस कमेटी लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद चर्खिया, नगर उपाध्यक्ष संजय कुमार, महासचिव संजय कुमार, मीडिया प्रभारी प्रशांत शर्मा, सचिव संजय कुमार यादव, देवेंद्र कुमार जोशी सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने नगर कांग्रेस की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में बेटियों के प्रति सम्मान बढ़ेगा।

# सातवीं जिलास्तरीय योगासन प्रतियोगिता का समापन: 300 प्रतिभागियों ने दिखाए योग के हुनर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**




कस्बे के स्टेशन रोड स्थित राजस्थान स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 'मरू प्रदेश योगासना' के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सातवीं जिलास्तरीय योगासन प्रतियोगिता का रविवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में जिले भर से आए लगभग 300 प्रतिभागियों ने योगासनों के विभिन्न स्वरूपों का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। समापन समारोह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को प्रमाण पत्र, मेडल और प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने का एक सशक्त आधार है। उन्होंने युवाओं से अपनी दिनचर्या में योग को अनिवार्य रूप से शामिल करने का आह्वान किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश दहिया उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता पवन कुमार ने की। युवा जनशक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष और कार्यक्रम की आयोजक नीतिका थालौर के नेतृत्व में अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र गिरधर, बाबूलाल वर्मा, मदन डारा, धर्मपाल गांधी, शेरसिंह और रोहिताश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में दिव्यांशी सोनी ने मुख्य अतिथियों को उनके हस्तनिर्मित 'स्केच फोटो' भेंट कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक की भूमिका निभाने वाले आशीष गिरधर, शिवकुमार वर्मा, खुशी, जागृति, विशाल, संदीप कुमार और पूजा को भी उनकी निष्पक्ष और बेहतरीन भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर डॉ. प्रीतम, दलीप चाहर, डॉ. हरिसिंह, मोहित कुमार सहित खेल प्रेमी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों में भारी उत्साह देखा गया और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का माहौल योगमय बना रहा।

# जल संकट को लेकर गरजी जल संघर्ष समिति, समस्याओं के समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**



**सुमेर मीणा ।** जल संघर्ष समिति उदयपुरवाटी की बैठक रविवार को किशोरपुरा में अध्यक्ष नथूराम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न गांवों में गहराते पेयजल संकट, टैंकर सप्लाई की अनियमितताओं तथा पीएचईडी विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समिति पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने पीएचईडी अधिकारियों के समक्ष गांवों की समस्याएं रखते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक में ककराना से ग्यारसी लाल खटाना, चंवरा से शीशराम रावत, नेवरी से मोहनलाल, किशोरपुरा से मदन मेघवाल, गुड़ा से रोहिताश, दीपपुरा से कैलाश, राजीवपुरा से चौथमल, जगदीशपुरा से पंकज, पापड़ा से तेजाराम, सराय सुरपुरा से शिवदान, मावता से सूरज्ञान तथा खो से फूलचंद सहित कई ग्रामीणों ने पेयजल किल्लत से जुड़ी समस्याएं रखीं। इस दौरान पीएचईडी के एईएन अनुज गुप्ता और जेईएन रोहिताश कुमार मौजूद रहे, जिन्होंने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने चंवरा के मोरिंडा स्थित हरिजन बस्ती में टैंकर सप्लाई से पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग की। साथ ही हरिजन बस्ती एवं शांति मार्केट में नए थ्री फेज बोरिंग करवाने, सुरपुरा में मालियों की ढाणी तथा मावता की बंजारा बस्ती में नए बोरिंग कराने की मांग भी अधिकारियों के समक्ष रखी गई। समिति संयोजक एडवोकेट के.के. सैनी ने कहा कि मोरिंडा हरिजन बस्ती, मावता बंजारा बस्ती और सुरपुरा की मालियों की ढाणी जैसे गंभीर जल संकट वाले क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर टैंकर सप्लाई शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुंभाराम लिफ्ट योजना के तहत डाली जा रही पाइपलाइन के कारण कई गांवों में पुरानी पेयजल लाइनें टूट गई हैं, जिससे भारी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा है। इसे तत्काल ठीक कराया जाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले वर्षों में कई स्थानों पर फ्लोराइड युक्त एवं अस्वस्थ पानी की सप्लाई हुई, जिससे लोगों को उल्टी-दस्त जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ा। इस बार शुरू से ही सतर्कता बरतने की जरूरत है। यदि समय रहते पीएचईडी विभाग नहीं जागा तो जल संघर्ष समिति ग्रामीणों के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।समिति अध्यक्ष नथूराम ने वर्ष 2019 से 2025 तक जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों तथा गर्मियों में चलाए गए पेयजल टैंकरों में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि जल्द ही एसडीएम को ज्ञापन देकर जांच की मांग की जाएगी, ताकि वास्तविक स्थिति जनता के सामने आ सके। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि नए अध्यक्ष के चुनाव तक नथूराम ही जल संघर्ष समिति उदयपुरवाटी के अध्यक्ष बने रहेंगे। इस दौरान किशोरपुरा सरपंच मोहनलाल, पूर्व सरपंच मोहनलाल नेवरी, मदन मेघवाल, तेजाराम पापड़ा, शिवदान सराय, शीशराम चंवरा सहित कई ग्रामीणों ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में किसनलाल पीएचईडी, शिवकरण चंवरा इंचार्ज, महेश, अनिल, सुभाष, नागर, महावीर, धूड़ाराम, बिरजू, कालू ठेकेदार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।बैठक के अंत में आगामी बैठक 16 मई को भैरू घाट उदयपुरवाटी में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# छात्र नहीं, शिक्षिका को मिली 'नो एंट्री ', प्रयोगशाला सहायक भर्ती परीक्षा में सामने आया अनोखा मामला

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.चिड़ावा।**



झुंझुनूं जिले के चिड़ावा शहर में रविवार को आयोजित राजस्थान प्रयोगशाला सहायक (विज्ञान) भर्ती परीक्षा के दौरान एक अनोखा मामला सामने आया। आमतौर पर परीक्षा केंद्रों पर देर से पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं मिलता है, लेकिन इस बार परीक्षा ड्यूटी पर तैनात एक शिक्षिका को ही देरी से पहुंचने के कारण परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। मामला चिड़ावा स्थित गिन्नी देवी सत्यनारायण सेखसरिया महाविद्यालय परीक्षा केंद्र का है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित परीक्षा सुबह 10 बजे शुरू होनी थी। अभ्यर्थियों के लिए सुबह 9 बजे तक प्रवेश का समय निर्धारित किया गया था, जबकि परीक्षा ड्यूटी में नियुक्त शिक्षकों को सुबह 7 बजे तक केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य किया गया था। जानकारी के अनुसार एक महिला शिक्षिका सुबह 9 बजकर 3 मिनट पर परीक्षा केंद्र पहुंचीं। तब तक परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद किया जा चुका था। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। शिक्षिका ने काफी देर तक केंद्र में प्रवेश देने का अनुरोध किया, लेकिन केंद्राधीक्षक ने नियमों का हवाला देते हुए अनुमति देने से साफ इनकार कर दिया। काफी देर तक समझाने और आग्रह करने के बावजूद जब अनुमति नहीं मिली तो शिक्षिका को बिना ड्यूटी किए ही वापस लौटना पड़ा। परीक्षा केंद्र के बाहर इस घटनाक्रम को लेकर कुछ समय तक चर्चा का माहौल बना रहा। वहां मौजूद लोगों ने भी इसे एक अलग और अनोखा मामला बताया। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित प्रयोगशाला सहायक (विज्ञान) भर्ती परीक्षा के लिए झुंझुनूं जिले में कुल 51 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा दो पारियों में आयोजित हुई, जिसमें 17 हजार से अधिक अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, समय पालन और नियमों की पालना को लेकर प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आया।

# यूपीएससी में 521वीं रैंक हासिल कर आईपीएस बनी प्रीति जेवरिया का तातीजा में भव्य सम्मान, जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।**



ग्राम पंचायत तातीजा एवं समस्त जेवरिया परिवार की ओर से यूपीएससी परीक्षा में 521वीं रैंक प्राप्त कर आईपीएस बनने वाली प्रीति जेवरिया के सम्मान में रविवार को उनके निवास स्थान तातीजा में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, गणमान्य नागरिकों एवं परिजनों ने प्रीति जेवरिया का स्वागत कर उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। समारोह में गांव के लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी पी.आर. जेवरिया ने की। समारोह में बालवीर काला, पूनम बोछवाल (प्रिंसिपल), अर्जुन बोछवाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रीति जेवरिया ने कठिन परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास के बल पर यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धि युवाओं विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। समारोह में जेवरिया परिवार के शेर सिंह जेवरिया (रिटायर्ड एएसआई), रामावतार जेवरिया (रिटायर्ड प्रिंसिपल), सत्यनारायण जेवरिया (एचसीएल खेतड़ी नगर), शिवकुमार जेवरिया (एडवोकेट एवं भाजपा नेता), धूड़ाराम जेवरिया, महेंद्र, भूराराम, थावरमल, गिरधारी लाल, छोटे लाल, राजेंद्र, पीयूष, अजय, संजय, महेश, मनीष, निशु, अरविंद जेवरिया, बलवान जेवरिया (अध्यापक), मेघांशु एवं शिवांशु सहित बड़ी संख्या में परिवारजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि सुभाष गुर्जर तथा ग्राम पंचायत रंवा की पूर्व सरपंच रेखा जेवरिया भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। समारोह में ग्राम पंचायत तातीजा के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर प्रीति जेवरिया को शुभकामनाएं दीं।

शिवकुमार जेवरिया ने बताया कि संयोगवश सम्मान समारोह के दिन ही प्रीति जेवरिया का जन्मदिन भी था। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं अतिथियों की मौजूदगी में केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने प्रीति जेवरिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें देश सेवा के लिए शुभाशीष दिया। समारोह के अंत में अतिथियों एवं ग्रामीणों के लिए प्रतिभोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और लोगों ने प्रीति जेवरिया की सफलता को पूरे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

# लोहिया स्कूल की छात्राओं ने उपजिला अस्पताल में मनाया 'मातृत्व दिवस', नई माताओं को ग्रीटिंग कार्ड भेंट कर जीता दिल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**




शहर के लोहिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने 'मदर्स डे' (मातृत्व दिवस) के अवसर पर एक प्रेरणादायक पहल की है। छात्राओं ने चिड़ावा के उपजिला अस्पताल पहुँचकर वहां हाल ही में मां बनी महिलाओं को अपने हाथों से बनाए गए सुंदर ग्रीटिंग कार्ड्स भेंट किए। छात्राओं द्वारा तैयार किए गए रंग-बिरंगे कार्ड्स और उनकी शुभकामनाओं ने अस्पताल के माहौल को भावुक और खुशनुमा बना दिया। इस दौरान छात्राओं ने नई माताओं का सम्मान किया और उनसे आशीर्वाद भी लिया। अस्पताल के चिकित्सकों और स्टाफ ने छात्राओं की इस संवेदनशीलता की जमकर सराहना की। कार्यक्रम के दौरान केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता पर भी जोर दिया गया। बीसीएमओ डॉ. संत कुमार जांगिड़ ने उपस्थित छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन (HPV Vaccine) के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचने के लिए यह वैक्सीन लगवाना कितना आवश्यक है। स्कूल की छात्रा हर्षिता अड्रूकिया ने बताया कि डॉक्टरों ने वैक्सीन को लेकर उनके मन की सभी भ्रांतियों को दूर कर दिया है।

छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे स्कूल और घर जाकर अपनी अन्य साथियों और बहनों को इस वैक्सीन के बारे में जागरूक करेंगी ताकि भविष्य में कैंसर जैसी बीमारियों से बचा जा सके। छात्रा लतिका लाठ ने भी मदर्स डे के उपलक्ष्य में अपने विचार व्यक्त किए। सम्मानित करने वाले लोहिया स्कूल की टीम से दीपक शर्मा, कविता सोनी,पूनम शर्मा,राजेश मान भवानी सिंह,काज़ल शर्मा,विजेन्द 'जीऔर छात्र- छात्राओ में खुशी, मनीषा, शिवालिका,अनुज,तन्मय,शिवम और अस्पताल परिसर मे डॉ. नेहा सुथार, डॉ. अनीता पायल और अन्य चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे, जिन्होंने छात्राओं के इस कदम को समाज के लिए एक सुंदर संदेश बताया।

# आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए एफर्ट्स संस्था ने शुरू किए छात्रवृत्ति आवेदन

## यूपीएससी-आरएएस अभ्यर्थियों को मिलेगी दो लाख तक सहायता

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

सामाजिक संस्था एफर्ट्स द्वारा झुंझुनूं जिले के आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संस्था अनुसूचित जाति वर्ग के उन विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करेगी, जो आर्थिक अभाव के कारण 12वीं के बाद अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाते और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग व मार्गदर्शन से वंचित रह जाते हैं।इस संबंध में रविवार को अंबेडकर भवन झुंझुनूं में एफर्ट्स की कोर कमेटी एवं सब-कोर कमेटी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्था पदाधिकारियों ने छात्रवृत्ति योजना की जानकारी देते हुए बताया कि आज से ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी संस्था की वेबसाइट एफर्ट्स झुंझुनू पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अंबेडकर भवन झुंझुनूं से ऑफलाइन आवेदन पत्र प्राप्त कर भरकर वहीं जमा करवाए जा सकते हैं।संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। झुंझुनूं जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के वे विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे, जो



12वीं अथवा कॉलेज के बाद नीट, आईआईटी, यूपीएससी, आरएएस, व्याख्याता, पटवारी, ग्राम सेवक, शिक्षक, पुलिस एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। छात्रवृत्ति के लिए पात्रता मानदंड भी निर्धारित किए गए हैं। कला एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए 12वीं में न्यूनतम 85 प्रतिशत अंक तथा विज्ञान एवं कृषि संकाय के विद्यार्थियों के लिए 90 प्रतिशत अंक अनिवार्य रखे गए हैं। वहीं दिव्यांग, विधवा, परित्यक्ता अथवा विशेष श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए 80 प्रतिशत अंक की बाध्यता तय की गई है।

संस्था ने जानकारी दी कि यूपीएससी एवं आरएएस प्री और मेन्स परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को आगे की तैयारी के लिए अधिकतम दो लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा नीट, आईआईटी, यूपीएससी एवं आरएएस की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को 30-30 हजार रुपए तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी, जबकि अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को 15 हजार रुपए तक की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। एफर्ट्स संस्था ने दावा किया कि झुंझुनूं जिले में यह पहली ऐसी सामाजिक संस्था है, जो अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रवृत्ति उपलब्ध करवा रही है। संस्था की ओर से चयनित विद्यार्थियों को 14 जून को अंबेडकर भवन झुंझुनूं में आयोजित कार्यक्रम में चेक वितरित किए जाएंगे। विद्यार्थियों का चयन उनकी आर्थिक स्थिति, शैक्षणिक योग्यता एवं मेरिट के आधार पर किया जाएगा। बैठक में ओमप्रकाश भूरिया, डॉ. राकेश माहीच, इंद्राज सिंह भूरिया, महेश जसरापुर, जितेंद्र गर्वा, नरेंद्र कहडायला तथा सीताराम बास बुडाना सहित कई पदाधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कर इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।

# ग्राम विकास रथ यात्रा, भोजनगर में ग्रामीणों ने उठाया पेयजल किल्लत का मुद्दा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

ग्राम विकास रथ यात्रा रविवार को भोजनगर, देवगांव और गोठड़ा पहुँची, जहाँ ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा। विशेष रूप से भोजनगर पंचायत के लोगों ने क्षेत्र में गहराते पेयजल संकट और पानी की किल्लत का मामला प्रमुखता से रखा।

रथ यात्रा प्रभारी सुभाष शर्मा और सहायक ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश आलडिया ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से पीने के पानी की सुचारू व्यवस्था नहीं होने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर मौजूद सीएमओ (जयपुर) पर्यवेक्षक प्रियंका शर्मा ने विश्वास दिलाया कि पेयजल समस्या का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीण मंडल अध्यक्ष किशन लाल गुर्जर, पूर्व पंचायत



समिति सदस्य रामकरण चौधरी, निर्वतमान सरपंच भंवरी देवी, पूर्ण सिंह शेखावत, महेश धायल, ओंकार सिंह शेखावत, विनोद सैनी, हरदेवाराम ढाका, गोकुल सिंह, टीकमसिंह शेखावत, शंभूसिंह, भरतसिंह, सुशील खटकड़, पींटू भाटी, हरलाल महण, गोवर्धन महण सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# नगरपालिका कनीना उप-चुनावः शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ मतदान

## 88.05 प्रतिशत मतदान दर्ज, 13 को होगी मतगणना

**भीम प्रज्ञा न्यूज.कनीना।**

नगरपालिका कनीना के वार्ड संख्या-14 में आयोजित उपचुनाव आज शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला तथा महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उपमंडल अधिकारी (ना.) कनीना एवं रिटर्निंग अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह के निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन द्वारा मतदान केंद्र पर सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे। रिटर्निंग अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड-14 के लिए निर्धारित मतदान केंद्र पितामह कान्हसिंह धर्मशाला, कनीना में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कुल 670 मतदाताओं में से 590 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें 291 महिला एवं 299 पुरुष मतदाता शामिल रहे। इस प्रकार कुल मतदान प्रतिशत 88.05 दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि मतदान समाप्ति के उपरांत



सभी पोलिंग पार्टी ने ईवीएम मशीनें एवं चुनाव सामग्री को सुरक्षित रूप से राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कनीना स्थित स्ट्रॉन्ग रूम में जमा कराया। इसके उपरांत स्ट्रॉन्ग रूम को नियमानुसार सील करवाया। मतदान प्रक्रिया के दौरान उपमंडल अधिकारी (ना.) एवं रिटर्निंग अधिकारी डॉ जितेंद्र सिंह ने समय-समय पर मतदान केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं डीएसपी डॉ. कविता ने भी मतदान केंद्र का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट पुरुषोत्तम तथा सेक्टर सुपरवाइजर बलजीत सिंह भी मतदान केंद्र पर मौजूद रहकर चुनाव प्रक्रिया की निगरानी करते रहे। उपचुनाव की मतगणना 13 मई को की जाएगी, जिसके उपरांत परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने किया केनाल रिसॉर्ट का भव्य शुभारंभ

# स्विमिंग पूल पर्यटन के साथ-साथ तैराकी को भी देगा नई पहचानः सुभाष बराला

### अत्याधुनिक स्विमिंग पूल, कैफेटेरिया और लग्जरी सुविधाओं से सुसज्जित रिसॉर्ट क्षेत्र में पर्यटन को देगा नई पहचान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बलियाला हेड पर करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 'केनाल रिसॉर्ट' का भव्य शुभारंभ किया। रिसॉर्ट में आधुनिक स्विमिंग पूल, कैफेटेरिया, गार्डन रेस्टोरेंट तथा लग्जरी रूम सहित विभिन्न सुविधाएं विकसित की गई हैं, जो क्षेत्र में पर्यटन और मनोरंजन को नई पहचान देंगी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद ने बच्चों के साथ स्विमिंग कर स्विमिंग पूल का उद्घाटन किया और कहा कि यह परियोजना न केवल लोगों को बेहतर मनोरंजन एवं ठहरने की सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी, बल्कि टोहाना को पर्यटन एवं खेल गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने 'केनाल रिसॉर्ट' में स्विमिंग पूल के उद्घाटन अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि उनका प्रयास था कि टोहाना में ऐसा सुंदर पिकनिक स्पॉट विकसित हो, जहाँ परिवारों, युवाओं एवं बच्चों को आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर वातावरण मिल सके, और हम सब के प्रयासों से



यह सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि महान विजनरी एवं प्रसिद्ध इंजीनियर कंवर सैन गुप्ता ने टोहाना को नहरों के रूप में एक अद्भुत प्राकृतिक उपहार दिया है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि इस प्राकृतिक धरोहर का सदुपयोग करते हुए टोहाना को पर्यटन एवं खेल गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाए।राज्यसभा सांसद ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि नव-निर्मित स्विमिंग पूल भी भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के तैराक तैयार करेगा और यहाँ से हरियाणा व भारत का भविष्य उभरकर सामने आएगा। उन्होंने कहा कि रिसॉर्ट परिसर में विकसित कैफेटेरिया एवं अन्य सुविधाएँ आने वाले समय में लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेंगी तथा यहाँ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज टोहाना खेलों का हब बनता जा रहा है। यहाँ अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ विकसित हो रही हैं और अब स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा।फतेहाबाद जिले में सिंथेटिक ट्रैक सहित आधुनिक स्टेडियम का निर्माण संभव हुआ, जो हरियाणा के चुनिंदा स्टेडियमों में शामिल है। दमकौरा सिंथेटिक ट्रैक स्टेडियम में हरियाणा ही नहीं बल्कि दिल्ली, पंजाब, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश तक के खिलाड़ी अभ्यास करने के लिए आते हैं और यहाँ अभ्यास करने वाले कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि इतने सुंदर परिसर की देखरेख एवं इसे सफलतापूर्वक संचालित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यहाँ आने वाली लीज होल्डर टीम तभी इस परियोजना को बेहतर ढंग से चला पाएगी, जब समाज का पूरा सहयोग मिलेगा।

नगर परिषद अध्यक्ष नरेश बंसल, रविंद्र मेहता और डॉ. शिव सचदेवा सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने 'केनाल रिसॉर्ट' के भव्य शुभारंभ अवसर पर 'नहरों की नगरी' की पहचान दिलाने वाले महान विजनरी एवं प्रसिद्ध इंजीनियर कंवर सैन गुप्ता को श्रद्धापूर्वक याद किया। उन्होंने कहा कि भाखड़ा नहर को इस क्षेत्र तक पहुंचाने में उनके दूरदर्शी योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। वक्ताओं ने राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे टोहाना को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने एवं आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। 'केनाल रिसॉर्ट' का शुभारंभ भी इसी सोच और विकासात्मक दृष्टि का परिणाम है, जिससे शहर के पर्यटन, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। ब्रह्म प्रकाश शर्मा ने कहा कि केनाल रिसॉर्ट को पूर्ण रूप से तैयार करवाने एवं इसे सफल बनाने में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि इस रिसॉर्ट का संचालन राम कृष्णा स्विमिंग अकैडमी द्वारा किया जाएगा। यहां आधुनिक सुविधाओं के साथ स्विमिंग क्लासेस, फास्ट फूड एवं हेल्दी फूड की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा जन्मदिन समारोह, धार्मिक कार्यक्रम एवं अन्य सामूहिक आयोजनों के लिए भी विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। रिसॉर्ट में आकर्षक गार्डन रेस्टोरेंट के साथ-साथ दूल्हा-दुल्हन के लिए अलग से मेकअप एवं विश्राम कक्ष की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि केनाल रिसॉर्ट की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है, ताकि लोग आसानी से अपनी सुविधा अनुसार बुकिंग कर सकें। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष नरेश बंसल, रमन मड़िया, गुलशन हंस, वेद जांगड़ा, जयदीप बराला, जोनी खट्टर, मोन्टू अरोड़ा, डॉ शिव सचदेवा, जिले सिंह, कृष्ण नैन, अधीक्षण अभियंता राजेश कुमार, कार्यकारी अभियंता श्याम लाल, एसडीओ महेन्द्र सिंह, संजय रेवड़ी, नरेंद्र गर्ग, बलजीत नैन, बलजीत डांगरा, रविन्द्र मेहता, अनिता मेहता, स्वीटी, शेखर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# एनआईआईटी विश्वविद्यालय में 'माया वृक्ष' का रोपण, मदर्स डे पर मां को समर्पित की अनूठी पहल

### प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से प्रेरित होकर स्व. माया देवी की स्मृति में लगाया पीपल का वृक्ष

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' से प्रेरित होकर मदर्स डे के शुभ अवसर पर रविवार को एनआईआईटी विश्वविद्यालय के महर्षि कपिल वन में एक भावपूर्ण और सराहनीय पहल की गई। स्वर्गीय सूबेदार मेजर बाबूलाल सेन की धर्मपत्नी एवं कुसुम लता, उषा देवी, नीलम और पूनम की पूज्य माताजी स्व. श्रीमती माया देवी की पवित्र स्मृति में पीपल का पवित्र वृक्ष रोपा गया। परिवारजनों ने इस वृक्ष को प्रेमपूर्वक 'माया वृक्ष' नाम दिया और इसके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पीपल के वृक्ष को जीवन, आस्था, छाया और प्रकृति संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। यह पहल केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि मां के प्रति श्रद्धा, प्रेम, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत संगम है। 'माया वृक्ष' आने वाली पीढ़ियों को मातृशक्ति के प्रति सम्मान और प्रकृति



के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देता रहेगा। 'माँ जीवन देती है, और पेड़ भी' इसी भावना के साथ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान समाज को हरियाली, संवेदनशीलता और संस्कारों से जोड़ने का प्रेरक कार्य कर रहा है। परिवार के सदस्यों ने दिवंगत माताजी श्रीमती माया देवी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस नेक पहल से जुड़े सभी परिजनों और उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विश्वविद्यालय परिसर में हुए इस भावुक आयोजन ने मातृत्व और प्रकृति के अटूट संबंध को एक नई परिभाषा दी।

# बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में दर्ज की रिकॉर्ड सीमेंट बिक्री और 89' लाभ वृद्धि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.कोलकाता।**

चुनौतीपूर्ण बाजार परिस्थितियों के बावजूद बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 का समापन रिकॉर्ड सीमेंट बिक्री और मजबूत लाभ वृद्धि के साथ किया। कंपनी का शुद्ध लाभ 558 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 89 प्रतिशत अधिक है। कंपनी की कुल समेकित सीमेंट बिक्री 18.72 मिलियन टन (एमटी) के रिकॉर्ड स्तर पर रही। ब्लेंडेड एवं प्रीमियम सीमेंट की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि के दम पर यह उपलब्धि हासिल हुई। कंपनी ने पूरे वर्ष 95 प्रतिशत क्षमता उपयोग सुनिश्चित किया, जबकि उद्योग का औसत लगभग 70 प्रतिशत रहा। सीमेंट उत्पादन पहली बार 19 मिलियन टन तक पहुंचा। मार्च में कुंडनगंज लाइन-छ्छ्छ के चालू होने से वार्षिक उत्पादन क्षमता 20 मिलियन टन से बढ़कर 21.4 मिलियन टन हो गई। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप घोष ने कहा, 'संचालन दक्षता में निरंतर सुधार और लागत अनुकूलन के बल पर बिरला कॉर्पोरेशन ने प्रीमियम बाजार हिस्सेदारी तथा मूल्य निर्धारण की रणनीति को मजबूती से आगे बढ़ाया। हमने लाभदायक बाजारों में अपनी स्थिति मजबूत रखी और निरंतर उत्कृष्ट परिणाम दिए।' मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 295 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 15 प्रतिशत अधिक है। सीमेंट बिक्री 4 प्रतिशत बढ़कर 5.45 मिलियन टन हो गई, जो अब तक की सर्वाधिक तिमाही बिक्री है। हालांकि, कमजोर रियलाइजेशन और बिरला जूट मिल्स पर बाहरी प्रभावों से राजस्व लगभग स्थिर 2,875 करोड़ रुपये रहा। मार्च तिमाही में प्रीमियम सीमेंट बिक्री 21 प्रतिशत बढ़ी और ट्रेड चैनल की कुल बिक्री का 63 प्रतिशत रही। पूरे वर्ष प्रीमियम सीमेंट की बिक्री 18 प्रतिशत बढ़कर कुल का 61 प्रतिशत हो गई। प्रमुख ब्रांड परफेक्ट प्लस की बिक्री तिमाही में 27 प्रतिशत और वर्ष में 22 प्रतिशत बढ़ी, जबकि यूनिक प्लस की 7 प्रतिशत (तिमाही) एवं 24 प्रतिशत (वर्ष)। ब्लेंडेड सीमेंट तिमाही में 87 प्रतिशत

MP BIRLA GROUP

(10 प्रतिशत वृद्धि) और वर्ष में 88 प्रतिशत (11 प्रतिशत वृद्धि) रही। मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र में 15-16 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। इससे लाभप्रदता सुधरी और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन घटा। पेट-कोक कीमतों में 36 प्रतिशत वृद्धि के बावजूद बिजली-ईंधन लागत 4 प्रतिशत घटकर 993 रुपये प्रति टन रही। हरित ऊर्जा उपयोग 25 से 31 प्रतिशत हो गया और व्यापार वितरण लागत में 2 प्रतिशत कमी आई। परफेक्ट प्लस ब्रांड की मजबूती से कंपनी रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) एवं निर्माण रसायन कारोबार बढ़ा रही है। उत्तर प्रदेश में पांचवीं आरएमसी फैक्ट्री का निर्माण चल रहा है, साथ ही पड़ोसी राज्यों में विस्तार की योजना है।

कंपनी के अनुसार, बढ़ती लागत के बीच कीमत वृद्धि प्रयास हो रहे हैं, मगर प्रतिस्पर्धा तीव्र है। भू-राजनीतिक तनाव व मानसून वित्त वर्ष 2026-27 को प्रभावित करेंगे। जूट डिवीजन को कच्चे जूट की कमी से मार्च तिमाही में 12 करोड़ रुपये का नकद घाटा हुआ (पिछले वर्ष 4 करोड़ लाभ), मगर वर्षिक नकारात्मक ईबीआईटीडीए 6.13 करोड़ से घटकर 2.99 करोड़ रहा। एमपी बिरला समूह की प्रमुख कंपनी बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड (1919 में स्थापित) सीमेंट एवं जूट व्यवसाय में सक्रिय है। कंपनी एवं सहायक आरसीसीपीएल देशभर में आठ स्थानों पर 10 सीमेंट संयंत्र संचालित करती हैं, कुल क्षमता 21.4 मिलियन टन। एमपी बिरला सीमेंट ब्रांड के तहत सीमेंट उत्पाद, निर्माण रसायन एवं वॉल पुट्टी का उत्पादन-विपणन किया जाता है।

# रोडवाल टोल प्लाजा पर टोल छूट को लेकर ग्रामीणों का हंगामा, लगाया जाम



### कांग्रेस नेता संजय यादव ने कराई वार्ता, टोल प्रबंधन ने मांगा दो दिन का समय

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चंद ।** माजरीकलां-कुंड रोड स्थित स्टेट हाईवे-111 पर रोडवाल गांव के पास शुरू हुए टोल प्लाजा को लेकर ग्रामीणों और टोल प्रबंधन के बीच विवाद गहराता जा रहा है। टोल संचालन शुरू होने के बाद से ही स्थानीय ग्रामीण टोल में छूट की मांग कर रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं निकलने से आए दिन तनाव की स्थिति बन रही है। रविवार सुबह माजरा गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में रोडवाल टोल प्लाजा पहुंचे और स्थानीय लोगों को टोल में छूट देने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि माजरा गांव टोल प्लाजा से मात्र चार किलोमीटर दूर है, फिर भी उनसे टोल वसूला जा रहा है। उन्होंने आसपास के गांवों के लोगों को राहत देने की मांग उठाई। विरोध के दौरान ग्रामीणों और टोल कर्मचारियों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई, जो बाद में धक्का-मुक्की में बदल गई। मामला बढ़ने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने टोल प्लाजा पर जाम लगा दिया, जिससे स्टेट हाईवे पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। सूचना पर कांग्रेस नेता संजय यादव मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों तथा टोल संचालक के बीच वार्ता कराई। बातचीत के दौरान टोल प्रबंधन ने समस्या के समाधान के लिए दो दिन का समय मांगा। इसी दौरान टोल संचालक भागीरथ के साथ हाथापाई की घटना भी हुई, जिसमें उनके कपड़े फट गए। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिन में स्थानीय लोगों को टोल में राहत नहीं दी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। फिलहाल प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# बाबा गरीब नाथ मंदिर में वार्षिक मेला एवं भंडारा संपन्न, भक्तों ने उठाया पुण्य लाभ

### शनिवार रात हुआ भजन-सत्संग, रविवार रात हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम; दिनभर चला देसी घी का भंडारा



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चंद ।** कस्बे के प्रसिद्ध बाबा गरीब नाथ महाराज मंदिर पर रविवार को वार्षिक मेला एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मेला कमेटी के अध्यक्ष मास्टर नोत राम निंबोरिया ने बताया कि दिनभर चले इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र सहित दूर-दराज से हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व शनिवार रात को मंदिर परिसर में भजन-सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। रातभर चले भजन-कीर्तन में श्रद्धालु बाबा गरीब नाथ महाराज की महिमा का गुणगान करते हुए भक्ति रस में लीन नजर आए। रविवार को दिनभर मंदिर परिसर में मेले का माहौल रहा। श्रद्धालुओं के लिए देसी घी के भंडारे के प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिर समिति की ओर से मीठे पानी और ठंडे पानी की प्याऊ भी लगाई गई, जिससे श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली। मेला कमेटी के अध्यक्ष मास्टर नोत राम निंबोरिया ने बताया कि रविवार रात को भी मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजनो का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांधा। राजस्थान मेघवाल परिषद के जिला संयोजक महावीर प्रसाद चर्खिया वह एस.सी. प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष गिरिराज सांवरिया के सहयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, पार्किंग और अन्य सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। हर वर्ष की भांति इस बार भी आयोजन में हजारों भक्तों ने भाग लेकर पुण्य लाभ कमाया।

# मुंडनवाड़ा कला ग्राम पंचायत के भोजपुरी गांव में विधायक ललित यादव ने किए विकास कार्यों के उद्घाटन

### सड़क, पेयजल और सामुदायिक भवन के कार्यों का शुभारंभ, बोले– हर गांव में मूलभूत सुविधाएं मजबूत करना प्राथमिकता



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेश चंद** । मुंडावर विधानसभा क्षेत्र की मुंडनवाड़ा कला ग्राम पंचायत के गांव भोजपुरी में रविवार को विकास कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुंडावर विधायक ललित यादव ने फीता काटकर विभिन्न जनहित कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान गांव में उत्साह और उत्सव जैसा माहौल रहा। ग्रामीणों ने विधायक का ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक ललित यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सड़क, पेयजल, सामुदायिक भवन, नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों के माध्यम से गांवों का समग्र विकास किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का निरंतर प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच दलीप यादव ने की। इस मौके पर जिला पार्षद भीमराज यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, उपसरपंच रविंद्र यादव, मनोज मनेठी, प्रदीप यादव सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों के लिए विधायक ललित यादव का आभार व्यक्त किया।

# भारत विकास परिषद महवा शाखा द्वारा कमलापुर रोड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में चलाया सेवा अभियान

### भीषण गर्मी में परिंडे लगाकर पक्षियों को राहत,जीव संरक्षण को लेकर समाज को किया जागरूक।



**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल** । भीषण गर्मी के दौर में बेजुबान पक्षियों और गौवंश के लिए राहत पहुंचाने को लेकर भारत विकास परिषद शाखा महवा की ओर से रविवार को कमलापुर रोड स्थित साडा पाडा-बड़ीन भारत हनुमान मंदिर परिसर में पक्षी परिंडा लगाओ अभियान के तहत सेवा गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए, वहीं गौवंश को हरा चारा खिलाकर जीव दया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। ग्रामीण परिवेश में आयोजित इस सेवा अभियान ने लोगों को गर्मी के मौसम में पक्षियों और पशुओं के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा दी।

परिषद के मीडिया प्रभारी योगेंद्र गोयल ने बताया कि लगातार बढ़ते तापमान के बीच पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना सामाजिक जिम्मेदारी है और परिषद इसी उद्देश्य को लेकर क्षेत्र में परिंडा अभियान चला रही है। कार्यक्रम में परिषद पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपने घरों, खेतों और सार्वजनिक स्थानों पर पानी के पात्र रखने की अपील भी की। इस दौरान परिषद अध्यक्ष डॉ. जगमोहन गोयल, सचिव महेंद्र तेगरवाल, विमल जैन, भारतसिंह मीणा, राकेश गिरदावर, मनोज कटारिया, योगेश वर्मा, संजय अग्रवाल, दिनेश बंसल, राजेंद्र शर्मा, वेदप्रकाश गुप्ता, संजू मैडम, आशा गुप्ता, मुकेश मीणा, राजन मीणा तथा दिनेश सिंघल सांथा वाले सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिदारा में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित युवाओं का हुआ सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बारां।**



उपखंड क्षेत्र के ग्राम बिदारा में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित प्रतिभाओं का ग्रामीणों द्वारा सम्मान किया गया। समारोह में गांव के गणमान्य नागरिकों एवं समाज के लोगों ने चयनित युवाओं को साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया।कार्यक्रम में बारां के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गैंदालाल रैगर, कालूराम रैगर, बंशीधर रैगर, भागीरथ मल रैगर तथा सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पूरणमल बुनकर सहित कई अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान पशु परिचर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, राजस्थान पुलिस, शिक्षक भर्ती सहित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित सोनू ब्रजवाल, सुभाष मीणा, मनीष वर्मा, आकाश वर्मा, अशोक मीणा, हीरालाल मीणा और आशा वर्मा का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि गैंदालाल रैगर एवं डॉ. पूरणमल बुनकर ने कहा कि इन मेधावी युवाओं ने कठिन परिस्थितियों में निरंतर अध्ययन और कड़ी मेहनत के बल पर सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली युवा ही देश और समाज की वास्तविक धरोहर होते हैं। ऐसे युवाओं को प्रोत्साहन और सम्मान देना समाज का दायित्व है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ सकें। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इससे अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा मिलेगी।कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन लक्ष्मी नारायण रैगर ने किया। इस अवसर पर शिक्षक मनोज कुमार बुनकर, मुकेश कुमार बुनकर, विजय वर्मा, राकेश मीणा, विनय कुमार, अनुज कुमार, चंचल मीणा, मिंटू देवी, अनामिका अटल, प्रतीक्षा, छाया ब्रजवाल, आशा देवी, सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अनु.जाति-अनु.जन.जाति अत्याचार विरोधी जिला संघर्ष समिति की नई कार्यकारिणी का गठन, डॉ. जगदीश प्रसाद बरवड़ बने जिलाध्यक्ष

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**



अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार विरोधी जिला संघर्ष समिति झुंझुनूं की बैठक रविवार को डॉ. अम्बेडकर भवन झुंझुनूं में आयोजित की गई। बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े गणमान्य लोगों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य समिति की नई कार्यकारिणी का गठन करना रहा। बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी के अध्यक्ष रामानंद आर्य द्वारा संपूर्ण कार्यकारिणी का त्यागपत्र प्रस्तुत किया गया। इसके बाद उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। नई कार्यकारिणी में डॉ. जगदीश प्रसाद बरवड़ को जिला अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मधु खन्ना, किशनलाल नायक एवं सुरेंद्र मीणा भोजासर को उपाध्यक्ष बनाया गया। महामंत्री पद की जिम्मेदारी बालाराम रांगेरा, इंद्राज भूरिया एवं देवकरण महरिया को सौंपी गई। वहीं शिवशंकर को कोषाध्यक्ष तथा सरोज बंशीवाल को विधि सलाहकार नियुक्त किया गया।समिति की कार्यकारिणी में नथमल चोपड़ा, मंदीप पाटिल, हरफूल सिंह घोटड़, रामदेव सिंह सांगवा, पिंकी सिलोलिया, सीताराम बास बुडाना, ओमप्रकाश भूरिया, महेश जसरापुर, ओमप्रकाश देवठिया, चुकी नायक, चंद्रभान ककोड़ा, दौलत महानिया, लक्ष्मण जेदिया, धर्मेंद्र किलानिया, चंद्रभान आर्य, दर्शन सिंह नायक बुहाना तथा सुभाष डीगरवाल को शामिल किया गया। बैठक में मीडिया प्रभारी के रूप में विजय सिंह उदावास एवं दैनिक भीम प्रज्ञा के संपादक एडवोकेट हरेश पंवार को जिम्मेदारी दी गई। वहीं संरक्षक मंडल में प्रो. जयपाल सिंह, रामनिवास भूरिया, डॉ. सम्पतलाल वारुपाल, रामकुमार सिंह मीणा भीमसर, सुभाष सेवदा, वीरेंद्र सिंह मीणा, बलबीर सिंह काला, मनीराम देवरोड, गणपतलाल, विकास खाजपुर, विकास आल्हा बगड़ एवं रामकुमार को शामिल किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समिति समाज के लोगों के अधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाने का कार्य करेगी। साथ ही समाज में शिक्षा, जागरूकता और संगठन को मजबूत करने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। इस दौरान समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

# फतेहाबाद साइबर सेल की बड़ी कार्यवाही: ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर रू23.93 लाख की ठगी के मामले में आरोपी काबू

### आरोपी के कब्जे से रू10,000 की नकदी बरामद; मुख्य गिरोह के नेटवर्क की जांच जारी-

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा** । फतेहाबाद पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना साइबर सेल फतेहाबाद ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।थाना साईबर सैल प्रभारी राहुल देव ने जानकारी देते हुए बताया की टोहाना निवासी नीरज बंसल ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनके साथ 23 लाख तिरानवे हजार रुपये की भारी-भरकम ठगी हुई है। पीड़ित के अनुसार अक्टूबर 2025 में उनके पास एक अनजान व्हाट्सएप कॉल आई, जिसमें आरोपी ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। आरोपी के



### मुनाफा कमाने का झांसा देकर अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करवाए थे पैसे

बहकावे में आकर पीड़ित ने अपने जीजा और बहन के अलग-अलग बैंक खातों व यूपीआई आईडी के माध्यम से कई किस्तों में कुल रू23.93 लाख ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत मुकदमा नंबर 92/2025 दर्ज किया गया था। तकनीकी विश्लेषण और बैंक खातों की कड़ियों को जोड़ते हुए पुलिस टीम ने आरोपी को सतीश को गिरफ्तार कर लिया है वा आरोपी के कब्जे से ठगी की राशि में से 10 हजार बरामद किए हैं। आरोपी सतीश को पूछताछ के बाद नियमानुसार पुलिस जमानत पर रिहा कर दिया गया है। साइबर सेल पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और उन बैंक खातों के मास्टरमाइंड की तलाश कर रही है, जिनमें ठगी की बड़ी राशि ट्रांसफर की गई थी।

# ‘फ्री ट्रायल व 1 सब्सक्रिप्शन’ के नाम पर साइबर ठगी, पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा** । आजकल मोबाइल ऐप्स पर ‘3 दिन फ्री ट्रायल’ या ‘रू1 में सब्सक्रिप्शन’ जैसे ऑफर्स के जरिए साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसी को लेकर फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने आमजन को सतर्क रहने की अपील करते हुए जनहित साइबर एडवाइजरी जारी की है।एसपी निकिता खट्टर ने बताया कि साइबर अपराधी आकर्षक विज्ञापनों और ऑफर्स के माध्यम से लोगों को ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करते हैं। यूजर जैसे ही ‘आई एग्री’ या ‘सब्सक्राइब’ विकल्प पर क्लिक करता है, उसके बैंक खाते, डेबिट/क्रेडिट कार्ड या यूपीआई से ऑटो-पे की अनुमति सक्रिय हो जाती है। ट्रायल अवधि समाप्त होते ही बिना स्पष्ट सूचना के हर माह 499, 899 या इससे अधिक राशि खाते से कटनी शुरू हो जाती है। कई मामलों में ऐप हटाने के बाद भी पैसे कटते रहते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की ठगी से लोगों को आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। अक्सर पीड़ितों को तब जानकारी मिलती है जब खाते से कई बार राशि कट चुकी होती है। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि किसी भी ऐप को डाउनलोड करने से पहले उसकी प्रामाणिकता, रेटिंग और रिव्यू जरूर जांचें। बैंक खाते या कार्ड में सक्रिय ऑटो-पे और स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन की नियमित जांच करें तथा अनजान ऐप्स को कार्ड या नेट बैंकिंग की अनुमति न दें। उन्होंने कहा कि केवल ऐप डिलीट करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि सब्सक्रिप्शन को आधिकारिक रूप से कैंसिल करना भी जरूरी है। एसपी ने युवाओं और बुजुर्गों को विशेष रूप से जागरूक करने की अपील करते हुए कहा कि यदि खाते से अनधिकृत राशि कटती है तो तुरंत बैंक से संपर्क कर ऑटो-पे बंद करवाएं और जरूरत पड़ने पर कार्ड ब्लॉक कराएं। किसी भी साइबर ठगी की शिकायत तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज करवाने की सलाह दी गई है।

# एएनसी पुलिस टीम की बड़ी कार्यवाही: 1 किलो 58 ग्राम गांजा सहित एक नशा तस्कर गिरफ्तार

### एन्टी नारकोटिक सैल ने स्वामी नगर में छापेमारी कर आरोपी को दबोचा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा** । फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एन्टी नारकोटिक सैल (एएनसी) फतेहाबाद ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक नशा तस्कर को 1 किलो 58 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी इलाके में नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा था।एन्टी नारकोटिक सैल प्रभारी निरिक्षक साधुराम ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस टीम मिनी बाईपास बिघड़ मोड़ पर गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि आरोपी गांजा बेचने का काम करता है और वह काले रंग के पॉलिथीन में नशीला पदार्थ लेकर स्वामी नगर से शहर की तरफ आने वाला है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए स्वामी नगर की मुख्य गली में नाकाबंदी की और सामने से आ रहे संदिग्ध युवक को काबू कर लिया व नियमानुसार तलाशी लेने पर 1 किलो 58 ग्राम गांजा बरामद हुआ। थाना शहर फतेहाबाद में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20/61/85 के तहत मुकदमा नंबर 205/2026 दर्ज कर गिरफ्तार किया गया । आरोपी से गहनता से पुछताछ कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही हैं।

# टोहाना हल्का में हर राजनैतिक पार्टी होती दिख रही है गुटबाजी का शिकार-सूत्र

### टोहाना हल्के से दो पूर्व विधायक में समय आने पर कौन किस पर पड़ेगा भारी

### बराला-बबली की राजनैतिक बिसात में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता भी बंटे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

टोहाना हल्का हरियाणा की राजनीति में हमेशा से विशेष चर्चाओं में रहा है। कांग्रेसी सरकारों में भजनलाल समर्थक व हुड्डा-सैलजा व अन्य के बीच की गुटबाजी टोहाना में साफ देखने को मिलती रही है जो अब तक कायम है ,यह किसी से छिपी नहीं है। पुरानी इनेलो के राज में भी पूर्व विधायक सरदार निशान सिंह व बिर्गेडियर परिवार (दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के सिमधी का परिवार)के बीच अदृश्य शक्ति परिक्षण स्पष्ट रूप से दिखता था हालांकि काफी हद तक उस समय की तथाकथित गुटबाजी का ही परिणाम रहा होगा कि इनेलो परिवारव पार्टी ,दो पार्टीयों में तबदील हो गई और जन नायक जनता पार्टी के रूप में हरियाणा में एक नया राजनैतिक दल बन गया जिसकी चर्चा में भी आरोप लगाये जा रहें हैं कि इनेलो के टूटने की शुरुआत भी कहीं न कहीं टोहाना के उस समयकाल के कार्यकर्ताओं के बीच की गुटबाजी ही रही थी।आज के राजनैतिक हालात को देखें तो पाएंगे कि टोहाना हल्के में दो मुख्य राजनैतिक दलों



राज्य सभा सांसद सुभाष बराला



पूर्व विधायक व मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली

कांग्रेस व भाजपा में कार्यकर्ताओं में गुटबाजी चरम पर है परंतु बात फिलहाल टोहाना की हो रही है वह भी सत्ता पक्ष की जिसमें कार्यकर्ताओं की गुटबाजी किसी से छिपी नहीं है कोई इस बारे में खुलकर ना बोले वो अलग बात है परंतु सच्चाई है तो है। वैसे तो आगामी विधानसभा चुनावों में लम्बा समय पड़ा है परंतुअब बात थोड़ा और खुल कर सामने आती है तो हम पाएंगे कि फर्ज करो आज अगर विधानसभा चुनाव हो तो भाजपा प्रत्याशी कौन होगा हालांकि यह पूर्ण रूप से भाजपा का अंदरूनी मामला है परंतु बात तो हर तरह से चलती ही है। भाजपा के सुभाष बराला क्या पिछले विधानसभा चुनावों की तरह से भाजपा प्रत्याशी रहे बबली के लिए ‘मेहनत ‘करते रहेंगे या फिर इस बार स्वयं या अपने हिस्से के किसी कार्यकर्ताओं में से एक के लिए टिकट मांगेंगे।उधर पूर्व विधायक व हरियाणा सरकार में मंत्री रहे देवेन्द्र सिंह बबली भी अच्छा राजनैतिक ज्ञान व हैसियत रखते हैं तथा शांति से अपने टोहाना के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लगे हुए हैं, बबली का शांत रहकर भाजपा के साथ रहना उनकी अपनी राजनीति का एक अहम् हिस्सा है। बबली का शांत रहकर टोहाना भाजपा में अपने निजी कार्यकर्ताओं व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मजबूत स्थिति में है ।बात चल रही थी अगर आज विधानसभा चुनाव हो जाएं या जब भी प्रस्तावित होगें तो भाजपा का प्रत्याशी कौन होगा। भाजपा हाईकमान भी ऐसी स्थिति में बड़े ही धर्म संकट में पड़ सकती है परंतु आज कल टोहाना हल्का के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए अभी से धर्म संकट की स्थिति बनी हुई है जो किसी भी भारतीय जनता पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में देखी जा रही है। जहां राज्य सभा सांसद बराला होते हैं वहां हल्का के कुछ कार्यकर्ता मौजूद होते हैं और जहां बबली का प्रोग्राम होगा वहां भी अलग-अलग कार्यकर्ताओं की ही उपस्थिति दिखाई देगी, वहां वो कार्यकर्ता नहीं होंगे जो बराला के प्रोग्राम में थे भाजपा में समय रहते इस न दिखने वाली स्थाई समस्या का समाधान न निकाला तो टोहाना भाजपा पर इसका सीधा असर हर हाल में पड़ सकता है।

# उर्विल पटेल का अर्धशतक, चेन्नई ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को 5 विकेट से हराया

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपरकिंग्स (CSK) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (LSG) को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। उर्विल पटेल ने 13 गेंद में अर्धशतक पूरा कर भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने 23 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों की मदद से 65 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। जोश इंग्लिस की 33 गेंद में 85 रन की आक्रामक पारी के बावजूद सुपरकिंग्स ने जैमी ओवरटन की शानदार गेंदबाजी के बूते सुपरजायंट्स को आठ विकेट पर 203 रन पर रोकने के बाद 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत दर्ज की।

टीम 11 मैचों में छठी जीत के बाद 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि अंतिम पायदान पर काबिज सुपर जायंट्स की आठवीं हार के बाद प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। उर्विल के अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंद में 42 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 34 गेंद में 81 रन जोड़े। गायकवाड़ ने इससे पहले संजू सैमसन (14 गेंद में 28 रन) के साथ 22 गेंद में 45 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। शिवम दुबे (नाबाद 15) ने एडेन मारक्रम के खिलाफ अंतिम ओवर में लगातार दो छक्के जड़े, जिससे सुपरकिंग्स ने पहली बार 200 से अधिक का लक्ष्य हासिल किया। प्रशांत वीर 17 रन पर नाबाद रहे।

इंग्लिस ने अपनी पारी में छह छक्के और 10 चौके जड़कर सुपरजायंट्स का स्कोर नौवें ओवर के बाद 112 रन तक पहुंचा दिया था। ओवरटन की अगुवाई में गेंदबाजों ने 10वें से 15वें ओवर के बीच 35 रन के अंदर चार विकेट झटककर रनगति पर अंकुश लगा दिया। ओवरटन ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें इंग्लिस का विकेट भी शामिल था। नूर अहमद ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि अंशुल कंबोज को दो विकेट मिले लेकिन उन्होंने 47 रन खर्च किए। आखिरी ओवरों में शाहबाज अहमद (नाबाद 43) और हिम्मत सिंह (17) ने सातवें विकेट के लिए 32 गेंद में 50 रन की साझेदारी कर बीच के ओवरों के नुकसान की भरपाई की। शाहबाज ने 25 गेंद की नाबाद पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन और गायकवाड़ ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। सैमसन कुछ आकर्षक शॉट खेलने के बाद चौथे ओवर में राठी की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद उर्विल पटेल ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में ही मैच का रुख पलट दिया। आवेश खान के खिलाफ लगातार तीन छक्के जड़ने के बाद राठी तीन छक्के और चौका लगाकर पावरप्ले में सुपरकिंग्स के स्कोर को एक विकेट पर 97 रन तक पहुंचा दिया। उन्होंने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए शमी के खिलाफ छक्का लगाने के बाद एक रन साथ 13 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा कर अपनी इस उपलब्धि को अपने पिता को समर्पित किया। उन्होंने जेब से एक कागज निकाला, जिस पर लिखा था, 'यह आपके लिए है पापा।'

राठी ने आसान कैच टपकाकर उन्हें जीवनदान दिया लेकिन वह इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे।। उन्होंने आवेश खान की गेंद पर कैच देकर अपना विकेट गंवा दिया। सुपरजायंट्स के गेंदबाजों ने इसके बाद रनगति पर अंकुश लगाना शुरू किया और शाहबाज ने गायकवाड़ को बोल्ड कर बड़ी सफलता हासिल की। कार्तिक शर्मा (20) और डेवाल्ड ब्रेविस (10) सहज नजर नहीं आए। जरूरी रनगति के बढ़ने के साथ ही ब्रेविस राठी की गेंद पर गच्चा खाकर बोल्ड हो गए। आवेश ने अगले ओवर की पहली गेंद पर कार्तिक को पवेलियन की राह दिखा दी। दो गेंद पर दो विकेट के साथ सुपरजायंट्स ने मैच में अच्छी वापसी की, लेकिन इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर आये प्रशांत ने 18वें ओवर में प्रिंस के खिलाफ छक्का जड़ा। अगले ओवर में आवेश की गेंद पर उन्हें लगातार दो जीवनदान मिले। राठी और निकोल्स पूरन ने उनका कैच टपका दिया। इस बल्लेबाज ने छक्का जड़कर इसका जश्न मनाया, जिससे टीम को आखिरी ओवर में 10 रन की जरूरत थी।

क्रीज पर बाएं हाथ के बल्लेबाजों की मौजूदगी के कारण पंत ने शाहबाज की जगह गेंद मारक्रम को सौंपी, लेकिन दुबे के दो गगनचुंबी छक्कों के साथ मैच खत्क किया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर इंग्लिस ने



अकील हुसैन के खिलाफ साइट स्क्रीन के ऊपर से छक्का जड़ने के बाद मुकेश चौधरी और कंबोज के खिलाफ सहजता से बड़े शॉट खेलते हुए 3.4 ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा कर दिया। यह सुपरजायंट्स का सबसे तेज अर्धशतक है। इंग्लिस ने इन दोनों तेज गेंदबाजों के खिलाफ रिवर्स स्कूप पर दो कमाल के छक्के लगाए। उन्होंने 18 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। कंबोज ने मिचेल मार्श को आउट कर 31 गेंद में 77 रन की साझेदारी को तोड़ा। इस साझेदारी में मार्श का योगदान 10 गेंद में 10 रन का था।

नूर ने पावरप्ले के बाद निकोल्स पूरन (एक) का अपनी फिरकी में फंसाकर कैच कराया। पावरप्ले में सुपरजायंट्स ने इस सत्र का अपना सर्वोच्च स्कोर एक विकेट पर 91 रन बना लिए। ओवरटन के खिलाफ 10वें ओवर में इंग्लिस एक बार फिर स्कूप करने की कोशिश में विकेटकीपर सैमसन को कैच दे बैठे। कप्तान ऋषभ पंत (15) का खराब फॉर्म जारी रहा और वह इसी ओवर में गेंद को विकेटों पर खेल गए। टीम अभी इन झटकों से उबरी भी नहीं थी कि ब्रेविस ने बाउंड्री के बाउंड्री के पास से सीधे विकेटों पर थ्रो कर मारक्रम (छह) को रन आउट कर दिया। अक्षत रघुवंशी (18) ओवरटन का तीसरा शिकार बने। हिम्मत ने क्रीज पर आते ही छक्का जड़कर आत्मविश्वास दिखाया, वहीं एक छोर से संभलकर खेलने के बाद शाहबाज ने 19वें ओवर में ओवरटन के खिलाफ दो चौके और एक छक्का जड़कर 17 रन बटोरे इस गेंदबाज के आंकड़े खराब किये। इस बायें हाथ के बल्लेबाज पारी की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 200 रन के पार पहुंचा दिया।

# आईपीएल अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंची गुजरात टाइटंस

**जयपुर (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को 77 रनों से हराकर आईपीएल के 19 वें सत्र में लगातार चौथी जीत के साथ ही अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। यह गुजरात की रनों को देखते हुए आईपीएल में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 229 रन बनाये। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम 16.3 ओवर में ही केवल 152 रनों पर ही सिमट गयी।

इस मैच में शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पहले विकेट के लिए 118 रन बनाये। सुदर्शन ने 36 गेंदों में 55 रन बनाए, जबकि शुभमन ने 44 गेंदों पर 84 रन बनाये। वहीं अंत में, वॉशिंगटन सुंदर ने 20 गेंदों में नाबाद 37 रन और राहुल तेवतिया ने नाबाद 14 रन बनाकर टीम को 229 के लक्ष्य तक पहुंचाया। गुजरात टाइटंस की ओर से बृजेश शर्मा ने सबसे अधिक 2 विकेट लिए।

इसके बाद 230 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। यशस्वी जायसवाल सिर्फ 3 रन बनाकर सस्ते में पवेलियन लौट गए। वैभव सूर्यवंशी 36 रन पर ही आउट हो गये। ध्रुव जुरेल 24 और शिमरोन हेटमायर 6 रनों पर ही आउट हो गये। रवींद्र जडेजा ने 25 गेंदों में 38 रन बनाये। शुभम दुबे 15 और जोफ्रा आर्चर 5 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। दासुन शनाका ने 16 रन बनाये।

दूसरी ओर गुजरात से राशिद खान ने 33 रन देकर 4 विकेट लिए। जेसन होल्डर ने भी कमाल की गेंदबाजी करते हुए 2.3 ओवर में महज 12 रन खर्च कर 3 विकेट लिए। वहीं कगिसो रबाडा को दो और सिराज को एक विकेट मिला। यह गुजरात टाइटंस की रनों के हिसाब से आईपीएल में सबसे बड़ी जीत है, जिसने उनके 2023 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 62 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वहीं, राजस्थान रॉयल्स को यशस्वी जायसवाल की कप्तानी में अपनी चौथी सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ ही गुजरात 11 मैचों में 14 अंक लेकर दूसरे स्थान पर आ गयी है, जबकि राजस्थान को 11 मैचों में अपनी 5वीं हार झेलनी पड़ी और वह अंक तालिका में वह 5वें पायदान पर फिसल गई है। यह गुजरात की इस सत्र की सातवीं जीत थी। सनराइजर्स हैदराबाद 14 अंक और बेहतर रन रेट होने के कारण पहले स्थान पर है, वहीं पंजाब किंग्स 13 अंक लेकर तीसरे जबकि रॉयल चैलेंजर्स और राजस्थान रॉयल्स 5-5 अंक लेकर चौथे और पांचवे नंबर पर है।

# शुभमन लगातार सात आईपीएल सत्र में 400 रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने

**जयपुर (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास में एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम किया है। शुभमन ने इस मैच में 44 गेंदों पर ही 84 रनों की पारी के साथ ही अपने 400 आईपीएल रन पूरे किये। इसी के साथ ही शुभमन लगातार सात आईपीएल सीजन में 400 या उससे अधिक रन बनाने वाले विश्व के केवल तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। शुभमन ने साल 2020 के सत्र से ही लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं साल 2026 के सत्र में भी यह सिलसिला बना रहा। उन्होंने साल 2020 और 2021 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से खेलते हुए ये उपलब्धि हासिल की थी। इसके बाद साल 2022 में गुजरात टाइटंस से जुड़ने के बाद से ही वह लगातार रन बनाते आये हैं। आईपीएल में उनसे पहले केवल दो खिलाड़ियों के नाम ही ये रिकार्ड है।

वहीं इससे पहले सुरेश रैना ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से साल 2008 से 2014 तक लगातार सात आईपीएल सीजन में 400 से अधिक रन बनाए थे। रैना ने इस दौरान सीएसके के आधार बने रहे। उनके बाद सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने भी यह रिकार्ड अपने नाम किया। धवन ने साल 2016 से 2022 तक लगातार सात आईपीएल सत्र में 400 या उससे अधिक रन बनाए। इस अवधि में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद (2016-2018), दिल्ली कैपिटल्स (2019-2021) और पंजाब किंग्स (2022) का प्रतिनिधित्व करते हुए जमकर रन बनाये। अब शुभमन भी इस विशेष क्लब में शामिल हो गये हैं। गिल की व्यक्तिगत उपलब्धियों के साथ-साथ, उनकी कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने इस मैच में रॉजस्थान रॉयल्स को 77 रनों से हरा दिया।

# दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी पंजाब

**धर्मशाला (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स की टीम सोमवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स पर जीत के इरादे से उतरेगी। पंजाब किंग्स की टीम लगातार तीन हार के बाद अंकतालिका में तीसरे स्थान पर फिसल गयी है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में सत्र की शुरुआत से ही बेहतर प्रदर्शन कर रही पंजाब का प्रदर्शन पिछले कुछ मुकाबलों में गिरा है। ऐसे में उसे जीत के लिए अपने क्षेत्ररक्षण को भी बेहतर करना होगा। हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में टीम ने काफी कैच छोड़े थे जिससे उसके हाथ से मैच निकल गया था। इसके अलावा उसके गेंदबाज भी पिछले मैच में असफल रहे थे। उसे अब ये कमी भी दूर करनी होगी। पंजाब की बल्लेबाजी प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह के अलावा श्रेयस पर भी निर्भर करेगी। गेंदबाजी में उसके पास तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के अलावा स्पिनर यजुवेन्द्र चहल भी हैं। पंजाब के अभी 13 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में पहुंचने दो जीत चाहिये। ऐसे में टीम का लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ ही लय हासिल करना रहेगा। वहीं दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स की टीम 8 अंक लेकर आठवें स्थान पर है और उसकी प्लेऑफ की उम्मीदें तकरीबन समाप्त हो गयी हैं पर वह




पंजाब का खेल जरुर बिगाड़ सकती है।

अक्षर पटेल की कप्तानी में कैपिटल्स का प्रदर्शन अब तक अच्छा नहीं रहा है। टीम अपने पिछले छह मुकाबलों में से पांच हारी है और अंक तालिका में आठवे नंबर पर है। टीम के बल्लेबाज ओर गेंदबाज उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। बल्लेबाजी में केवल केएल राहुल ही रन बना पाये हैं। गेंदबाजी में उसके पास मिचेल स्टार्क और टी नटराजन भी हैं। स्टार्क भी वापसी के बाद से ही प्रभावित नहीं कर पाये हैं जिससे भी टीम का प्रदर्शन खराब हुआ है। अब तक दोनो टीमों के बीच 36 मैच हुए हैं जिसमें से पंजाब ने 18 जबकि दिल्ली ने 17 जीते हैं।

### पंजाब किंग्स संभावित टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, निहाल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसेन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बरार, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, प्रवीण दुबे, पायला अविनाश और विशाल निषाद।

### दिल्ली कैपिटल्स संभावित टीम

अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, लोकेश राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी शॉ, काइल जेमिसन, अजय जाधव मंडल, माधव तिवारी, साहिल पारख, करुण नायर और टी नटराजन।

# चहल को ई-सिगरेट सेवन के लिए होनी चाहिये जेल : शिवरामकृष्णन

नई दिल्ली । पूर्व भारतीय स्पिनर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने पंजाब किंग्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल के उड़ान के दौरान ई सिगरेट (वेप) का सेवन करने को लेकर कड़ी फटकार लगायी है। शिवरामकृष्णन के अनुसार इस प्रकार के गलत काम के लिए चहल पर जुर्माना ही काफी नहीं होगा। उन्हें जेल भी भेजा जाना चाहिये। शिवरामकृष्णन ने इस मामले को लेकर चहल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की है। चहल पर हैदराबाद की फ्लाइट में वेप सेवन का आरोप है। इसका एक वीडियो भी तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने जारी किया था। चहल आईपीएल 2026 के दौरान वेप का सेवन करने के मामले में फंसे दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग भी पंजाब किंग्स के ड्रेसिंग रूम में वेप का सेवन करते पकड़े गये थे। इस कारण उनपर मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगा था पर शिवरामकृष्णन का मानना है कि चहल का मामला अलग है उन्होंने लोगों की सुरक्षा को खतरे में डाला है उन्हें इसके लिए जेल भेजा जाए। शिवरामकृष्णन ने सोशल मीडिया में लिखा, ''भारत में वेप पर प्रतिबंध है। उन्हें जेल में होना चाहिए। कानून बनाकर अगर उन्हें लागू नहीं किया जाए तो उसका क्या लाभ। मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना तो बहुत कम है। साथ ही सवाल किया कि अगर कोई आम आदमी ऐसा करता तो उसके खिलाफ भी क्या यही कार्रवाई होती?' वहीं बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने अपनी सलाह में लिखा, 卐ड्रेसिंग रूम और टूर्नामेंट वेन्यू के अन्य प्रतिबंधित क्षेत्रों में वेपिंग के मामले बीसीसीआई की नजर में आए हैं।

# धोनी को खेलते रहना चाहिए, उनके जैसा विकेटकीपर कोई नहीं : माइकल क्लार्क



नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि उम्र बढ़ने के बावजूद उन्हें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहिए। क्लार्क का मानना है कि धोनी का खेल पर प्रभाव आज भी बेहद खास है और टी20 क्रिकेट में उनसे बेहतर विकेटकीपर कोई नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस दिन धोनी क्रिकेट से संन्यास लेंगे, उसके बाद शायद वह किसी भी रूप में खेल से जुड़े नजर नहीं आएंगे। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 शुरू होने से पहले महेंद्र सिंह धोनी को पिंडली में खिंचाव की समस्या हो गई थी। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से जानकारी दी गई थी कि 44 वर्षीय धोनी शुरुआती कुछ मुकाबले ही मिस करेंगे। हालांकि टीम अब तक 10 मैच खेल चुकी है, लेकिन धोनी मैदान पर वापसी नहीं कर पाए हैं। वह लगातार नेट्स में अभ्यास जरूर कर रहे हैं, लेकिन मैचों के दौरान टीम के साथ यात्रा नहीं कर रहे। उनकी गैरमौजूदगी ने प्रशंसकों को निराश किया है, लेकिन माइकल क्लार्क का मानना है कि धोनी और चेन्नई सुपर किंग्स एक-दूसरे से अलग नहीं हो सकते। एक पॉडकास्ट' में बातचीत के दौरान माइकल क्लार्क ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी ही चेन्नई सुपर किंग्स की असली पहचान हैं। उन्होंने कहा कि जब भी चेन्नई का मैच होता है तो स्टेडियम में ज्यादातर दर्शक नंबर 7 वाली पीली जर्सी पहनकर पहुंचते हैं। यहां तक कि टीम के साथ जुड़ने वाले प्रायोजक भी चाहते हैं कि धोनी टीम का हिस्सा बने रहें। क्लार्क ने कहा कि भारत और चेन्नई सुपर किंग्स दोनों के लिए धोनी का महत्व बेहद बड़ा है और उम्र को उनकी क्षमता का पैमाना नहीं माना जाना चाहिए। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि कोई भी उन्हें यह समझा नहीं सकता कि वर्तमान समय में टी20 क्रिकेट में धोनी से बेहतर विकेटकीपर मौजूद है। उनके अनुसार धोनी की विकेटकीपिंग कौशल, मैच को पढ़ने की क्षमता और दबाव में शांत रहने का अंदाज उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाता है। उन्होंने प्रशंसकों और क्रिकेट विशेषज्ञों से अपील की कि वे धोनी के संन्यास की मांग करना बंद करें और उन्हें जितना चाहें उतना क्रिकेट खेलने दें।

# वैभव सूर्यवंशी टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे वैभव सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) लीग में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में अपनी 36 रनों की पारी में तीन छक्के लगाने के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है।अपनी इस पारी के साथ ही वैभव ने टी20 क्रिकेट में एकसाथ कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं।

वैभव अब टी20 क्रिकेट में सबसे तेज और सबसे कम उम्र में 100 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव ने केवल 29 टी20 पारियों में हासिल की, जो अपने आप में एक बड़ा रिकार्ड है। वैभव ने केवल 514 गेंदों में अपने 100 टी20 छक्के पूरे कर लिए हैं, जो इससे पहले किसी भी बल्लेबाज ने इतनी कम गेंदों में नहीं किया था।



वहीं इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज करणबीर सिंह ने 813 और वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेर कीरोन पोलार्ड ने 843 गेंदों में 100 टी20 छक्के लगाए थे।

वैभव ने पावरप्ले में सबसे अधिक छक्के लगाने का नया रिकॉर्ड भी बनाया है। उन्होंने मौजूदा सीजन में पावरप्ले के भीतर कुल 30 छक्के लगाये हैं, जिससे उन्होंने 2024 सीजन में अभिषेक द्वारा बनाए गए 29 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अभिषेक शर्मा ने 2026 सीजन में भी 27 छक्के लगाए हैं, जबकि सनथ जयसूर्या (2008), ट्रेविस हेड (2024) और यशस्वी जायसवाल (2025) जैसे दिग्गजों ने अपने-अपने सीजन में 22-22 छक्के लगाए थे। अगर देखा जाये तो वैभव ने अबतक के आईपीएल सीजन में 40 छक्के लगाए हैं, जो किसी एक आईपीएल सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीयों की सूची में अभिषेक शर्मा (42 छक्के, 2024) के बाद दूसरे स्थान पर है। श्रेयस अय्यर (39 छक्के, 2025), विराट कोहली (38 छक्के, 2016 और 2024) और सूर्यकुमार यादव (38 छक्के, 2025) जैसे नाम भी इस विशिष्ट सूची में शामिल हैं, जो वैभव की उपलब्धियों को और भी खास बनाते हैं।

# राशिद आईपीएल में सबसे अधिक विकेट लेने वाले विदेशी स्पिनर बने

जयपुर । गुजरात टाइटंस के स्पिनर राशिद खान ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। राशिद ने इस मैच में चार विकेट लेकर राजस्थान रॉयल्स को 152 रनों पर आउट करने के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि भी अपने नाम की है। राशिद अब आईपीएल इतिहास में विदेशी स्पिनर के तौर पर सबसे ज्यादा बार तीन या उससे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इसी के साथ ही कोलकाता नाइटराइजर्ड (केकेआर) के अनुभवी स्पिनर सुनील नरेन को भी पीछे छोड़ दिया है। यह ये 18 वीं बार है जब राशिद ने आईपीएल मैच में तीन या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। इस उपलब्धि के साथ ही अब वह अमित मिश्रा और रवींद्र जडेजा जैसे प्रमुख स्पिनरों से आगे निकल गए हैं। अब केवल स्पिनर युजवेंद्र चहल ही उनसे आगे हैं, जिन्होंने 23 बार यह कारनामा किया है। अगर हम तेज गेंदबाजों को भी शामिल कर लें, तो राशिद से अधिक विकेट केवल जसप्रीत बुमराह के नाम 25, भुवनेश्वर कुमार के 21 और लसिथ मलिंगा के नाम 19 विकेट हैं। मैच के बाद अपनी गेंदबाजी पर बात करते हुए राशिद खान ने बताया कि पहली गेंद फेंकते ही उन्हें पिच से मदद मिलने का एहसास हो गया था। उन्होंने कहा, मुझे बस अपनी गेंदों की गति को लगातार बदलते रहना था। मैं सही जगह पर गेंद डालने और स्टंप्स को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा था। मुझे लगा कि अगर मैं स्टंप्स से दूर गेंद डालूंगा, तो बल्लेबाज के लिए रन बनाना या चौका मारना आसान हो जाएगा। उन्होंने आगे जोर दिया कि उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण सही लेंथ और लाइन पर ध्यान देना था, ताकि गेंद तीनों स्टंप्स के बीच ही रहे। राशिद ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने फरेरा को आउट करने के बारे में पहले ही सोच लिया था और उनके दिमाग में पूरी योजना तैयार थी। जैसे ही गेंद उनके हाथ से निकली, उन्हें यकीन हो गया था कि विकेट मिलने वाला है।




# फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में दिखेगा नोरा फतेही का जलवा

**- अंतरराष्ट्रीय मंच पर बिखेरेंगी भारतीय प्रतिभा की चमक**

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड की मशहूर डांसर और ग्लोबल स्टार नोरा फतेही एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन करने जा रही हैं। नोरा अब फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में अपनी शानदार परफॉर्मेंस और सिंगिंग का जलवा बिखेरेंगी। यह भव्य आयोजन कनाडा के टोरंटो शहर में आयोजित किया जाएगा। नोरा का इस प्रतिष्ठित मंच पर शामिल होना भारतीय मनोरंजन जगत के लिए बेहद गर्व की बात माना जा रहा है। दुनियाभर में अपनी डांस परफॉर्मेंस और स्टेज प्रेजेंस के लिए पहचान बना चुकीं नोरा अब वैश्विक स्तर पर एक बार फिर भारतीय कला और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती नजर आएंगी।

फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी 12 जून को टोरंटो के प्रसिद्ध बीएमओ फील्ड स्टेडियम में आयोजित होगी। इस खास कार्यक्रम में नोरा फतेही के साथ कई बड़े अंतरराष्ट्रीय कलाकार भी मंच साझा करेंगे। इनमें माइकल बुबले, एलानिस मॉरिसेट, एलेसिया कारा, एलियाना, जेसी रेयेज, संजॉय, वेगेड्रीम और विलियम प्रिंस जैसे लोकप्रिय नाम शामिल हैं। वहीं अमेरिका में आयोजित होने वाली दूसरी ओपनिंग सेरेमनी में अनीता, फ्यूचर, कैटी पेरी, लिसा, रेमा और टायला जैसे ग्लोबल सुपरस्टार्स अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस तरह फीफा वर्ल्ड कप 2026 सिर्फ फुटबॉल का महाकुंभ नहीं बल्कि संगीत, संस्कृति और मनोरंजन का भी विशाल उत्सव बनने जा रहा है।

फीफा की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, कनाडा में होने वाली ओपनिंग सेरेमनी के जरिए देश की संस्कृति, विविधता और परंपराओं को दुनिया के सामने पेश किया जाएगा। समारोह में कनाडा की खूबसूरत लोकेशनों और सांस्कृतिक विरासत को विशेष प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया जाएगा। आयोजकों के मुताबिक यह कार्यक्रम एकता, उत्साह और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक होगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि टोरंटो में होने वाली यह ओपनिंग सेरेमनी कनाडा की पहचान और फुटबॉल के प्रति वहां के लोगों के उत्साह को दुनिया के सामने पेश करेगी।

# इटेलियन ओपन में सबालेंका और पाओलिनी की सनसनीखेज हार

रोम । इटेलियन ओपन में कई चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिले, जिसमें महिलाओं की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और गत चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी दोनों बाहर हो गईं। दिन का सबसे बड़ा झटका महिलाओं के सिंगल्स के राउंड ऑफ़ 32 में लगा, जहां दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी सबालेंका ने एक सेट की बढ़त गंवा दी और रोमानिया की सोराना सिर्स्टिया से 2-6, 6-3, 7-5 से हार गईं। सिर्स्टिया ने बेसलाइन से सबालेंका के साथ जोरदार मुकाबला किया और नेट की ओर आक्रामक रुख अपनाकर बेलारूस की इस खिलाड़ी को बार-बार परेशान किया, जिससे उन्हें दूसरे सेट के आठवें गेम में एक महत्वपूर्ण 'ब्रेक' हासिल हुआ। सबालेंका को सिर्स्टिया के खेल की विविधता का सामना करने में मुश्किल हुई और उन्होंने लगातार 'अनफोर्स्ड एरर' (बिना दबाव के की गई गलतियां) करना शुरू कर दिया। निर्णायक सेट के पांचवें गेम में सिर्स्टिया ने अपने चौथे 'ब्रेक पॉइंट' के मौके को भुनाते हुए एक और 'ब्रेक' हासिल किया और फिर अपनी सर्विस के साथ मैच जीत लिया; यह किसी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ उनके करियर की पहली जीत थी। जीत के बाद सिर्स्टिया ने कहा, 'शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ आप सिर्फ़ सुरक्षित खेल नहीं खेल सकते। वे आपको जीत थाली में परोसकर नहीं देंगी। आपको जीत खुद हासिल करनी पड़ती है।'



# भारतीय महिला टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में चीन को हराकर स्वर्ण जीता

**शंघाई (एजेंसी)।** दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और युवा कुमकुम मोहोद वाली भारतीय महिला रिकर्व टीम ने यहां हुए तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में चीन को हराकर स्वर्ण पदक जीता है। दीपिका, अंकिता और कुमकुम ने मेजबान चीनी खिलाड़ियों को फाइनल शूट-ऑफ मुकाबले में 5-4 (28-26) से हराया। इसी के साथ ही भारतीय महिला रिकर्व टीम ने साल 2021 के बाद विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक जीता है।

भारतीय टीम ने पहले सेट में 54-53 के अंतर से जीत हासिल की। इसके बाद चीनी टीम ने जबरदस्त वापसी करते हुए अगले दो सेट (55-52 और 57-56) जीते और 4-2 की बढ़त बना ली, जिससे भारतीय खेमे पर दबाव बढ़ गया। भारतीय टीम ने चौथे सेट में मुकाबला 4-4 से बराबर कर दिया, जिससे जीत का फैसला शूट-ऑफ पर आ टिका।

निर्णायक शूट-ऑफ में, भारतीय तीरंदाजों ने जबरदस्त खेल दिखाया। अंकिता भकत ने सटीक नौ अंक हासिल किये। इसके बाद कुमकुम मोहोद ने दबाव के बीच सीधा 10 का स्कोर किया। जीत के लिए भारत को केवल आठ अंक की आवश्यकता थी, और अनुभवी दीपिका कुमारी ने नौ अंक हासिल कर भारतीय टीम को जीत दिला दी। इससे आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए भी टीम का मनोबल बढ़ा है।

भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में 10 बार की ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया और फिर, चीन को उसके घरेलू मैदान पर हराया था। ये जीत इसलिए भी अहम है क्योंकि टीम बिना किसी राष्ट्रीय कोच के खेल रही थी। शंघाई विश्व कप में भारत के लिए यह दूसरा पदक है। इससे पहले, कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने कांस्य पदक जीतकर देश का खाता खोला था।





# सामंथा रुथ प्रभु की 'मां इंटी बंगारम' की आगे खिसकी रिलीज डेट

सामंथा रुथ प्रभु अपनी नई फिल्म 'मां इंटी बंगारम' को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं। यह फिल्म नंदिनी रेड्डी द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर है। इस फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। पहले इस फिल्म को 15 मई 2026 को रिलीज करने की योजना थी, लेकिन अब रिलीज टाल दी गई है। फिल्म अब जून में रिलीज होगी।

### 'मां इंटी बंगारम' की नई रिलीज डेट


मीडिया रिपोरट्स के अनुसार, फिल्म 'मां इंटी बंगारम' की टीम 19 जून 2026 को इसे रिलीज करने की योजना बना रही है। हालांकि, अभी तक निर्माताओं ने इस तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

### क्या है देरी का कारण

सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म 'मां इंटी बंगारम' के निर्माताओं ने IPL 2026 के चल रहे सीजन की वजह से रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया है। उनका मानना है कि क्रिकेट मैचों के कारण सिनेमाघरों में दर्शक कम आएंगे और फिल्म का कलेक्शन प्रभावित हो सकता है। पहले 4 जून की तारीख पर भी चर्चा थी, लेकिन राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' भी उसी दिन रिलीज होने वाली है, इसलिए टीम ने 19 जून चुना है।
फिल्म 'मां इंटी बंगारम' के बारे में
'मां इंटी बंगारम' सामंथा और नंदिनी रेड्डी की 'ओह बेबी' के बाद दूसरी फिल्म है। यह एक कॉमेडी-एक्शन फैमिली ड्रामा है। इसमें सामंथा एक गृहिणी के साथ-साथ मजबूत योद्धा की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में दिगंत, गुलशन देवैया, श्रीमुखी, गौतमी और बाकी कलाकार भी हैं।

### सामंथा का वर्कफ्रंट

सामंथा को आखिरी बार 'शुभम' फिल्म में कैमियो रोल में देखा गया था। 'मां इंटी बंगारम' के अलावा सामंथा जल्द ही वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड: द ब्लडी किंगडम' में भी नजर आएंगी, जिसमें आदित्य रॉय कपूर, अली फजल और वामिका गब्बी भी हैं। फिल्म का प्रमोशन पहले ही शुरू हो चुका है।






# 45 साल की उम्र में एक्टिंग डेब्यू करने पर क्या बोलीं रिद्धिमा कपूर?

45 साल की रिद्धिमा कपूर साहनी, जो ऋषि कपूर और नीतू कपूर की बेटी हैं, अब अपनी पहली फिल्म 'दादी की शादी' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। खास बात यह है कि कपूर फैमिली में इतनी उम्र में डेब्यू करने वाली वह सबसे बड़ी सदस्य बन गई हैं। यह डेब्यू उनके लिए काफी इमोशनल है, क्योंकि इस फिल्म में वह पहली बार अपनी बेटी समारा के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं।

**कुछ नया शुरू करना सबसे बड़ा चैलेंज था**

स्क्रीन को दिए एक इंटरव्यू में रिद्धिमा ने बताया कि 45 साल की उम्र में पहली बार फिल्म के सेट पर कैमरे के सामने आना उनके लिए नया अनुभव था। उन्होंने अपनी बेटी समारा के छोटे से रोल के बारे में भी बात की। रिद्धिमा की शादी बिजनेसमैन भरत साहनी से हुई है और उनकी एक बेटी है। रिद्धिमा ने कहा, 'यह एहसास बहुत अलग और इमोशनल है। ऐसा लगता है जैसे जिंदगी का एक चक्र पूरा हो गया हो। मुझे पता है कि मेरे पापा हमेशा मेरे साथ हैं और हर फैसले में मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं। यह सोच मुझे बहुत हिम्मत और सुकून देती है। सच कहूं तो इस उम्र में कुछ नया शुरू करना सबसे बड़ा चैलेंज था। एक नई शुरुआत में थोड़ा डर भी होता है, लेकिन उतनी ही एक्साइटमेंट भी होती है।'

**जब शूटिंग के दौरान बेटी को घर छोड़ा था**

रिद्धिमा ने यह भी बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने पहली बार अपनी बेटी को घर पर अकेला छोड़ा था। साल 2019 में न्यूयॉर्क में ऋषि कपूर के कैंसर इलाज के बाद यह पहला मौका था जब उन्होंने ऐसा किया। इस फिल्म में एक खास पल भी देखने को मिलेगा, जहां रिद्धिमा अपनी मां नीतू कपूर और बेटी समारा के साथ




'सेंटी' गाने में नजर आएंगी। 'दादी की शादी' में नीतू कपूर और कपिल शर्मा मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ सादिया खतीब और रिद्धिमा कपूर साहनी भी हैं। 'दादी की शादी' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें प्यार, हंसी-मजाक, कुछ नोक-झोंक और गहरे राज दिखाए गए हैं। इस फिल्म को आशीष आर. मोहन ने लिखा और निर्देशित किया है।



# 'लुक्खे' में दिखेगा पलक तिवारी का इमोशनल अवतार

अभिनेत्री पलक तिवारी वेब सीरीज 'लुक्खे' के जरिए ओटीटी पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म चंडीगढ़ की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज रैप कल्चर, स्ट्रीट राइवलरी और बदले की कहानी है। इस सीरीज में पलक ने सनोबर नाम की एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया है, जो म्यूजिक और हाई-स्टेक्स वाली दुनिया में अपनी कमजोरियों, प्यार और अंदरूनी संघर्षों से लड़ती नजर आएगी। अपने किरदार को अभिनेत्री का कहना है कि सनोबर काफी भावनात्मक और एक्सप्रेसिव है। पलक को एक्टिंग विरासत में मिली है। उनकी मां श्वेता तिवारी टेलीविजन इंडस्ट्री की जानी-मानी अदाकारा हैं। दिग्गज अभिनेत्री की बेटी होने के नाते पलक पर हमेशा उम्मीदों का दबाव रहता है। इस बारे में पलक का कहना है, 'बेशक, मेरी मां के शानदार अभिनय की वजह से थोड़ा प्रेशर होता है, लेकिन मेरी नजर में वह सबसे बेहतरीन कलाकारों में से एक हैं।' सीरीज में सनोबर के किरदार को अभिनेत्री पलक तिवारी अपनी मां के मशहूर किरदार 'प्रेरणा' (कसौटी जिंदगी की) के लिए एक ट्रिब्यूट मानती हैं। अभिनेत्री का कहना है कि प्रेरणा की तरह सनोबर भी बहुत इमोशनल है और अपने दिल की बात खुलकर कहती है। मुझे लगता है कि सनोबर ही असल मायने में प्रेरणा की बेटी की तरह है। पलक ने बताया कि सीरीज की शूटिंग के दौरान श्वेता ने उन्हें कुछ टिप्स दिए थे। पलक ने बताया कि उनकी मां हमेशा कहती हैं, 'अगर तुम दर्शकों को रुला सकीं, तो समझो तुम एक सफल एक्टर हो। इसके अलावा, मां ने मुझे एक बड़ी सीख दी कि हर सीन को जीतने की कोशिश मत करो।' पलक ने बताया कि उनकी मां का मानना है कि हर सीन का अपना एक हीरो होता है। कभी आपको चमकना चाहिए और कभी अपने साथी कलाकार को मौका देना चाहिए। विपुल डी. शाह और राजेश बहल द्वारा निर्मित सीरीज का निर्देशन हिमांक गौर ने किया है।

# इस साल दो फिल्मों में नजर आएंगी प्रीति जिंटा

प्रीति जिंटा फिल्मी दुनिया से ज्यादा क्रिकेट वर्ल्ड में एक्टिव हैं। वह आईपीएल में पंजाब किंग्स क्रिकेट टीम की मालकिन हैं। अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए इन दिनों भी वह आईपीएल में अक्सर नजर आती हैं। हाल ही में फैंस से भी सोशल मीडिया के जरिए प्रीति जिंटा रूबरू हुईं। उन्होंने फैंस को सवाल बेबाकी से पूछने के लिए कहा और मजेदार जवाब भी दिए। इन दौरान प्रीति जिंटा ने अपनी अपकमिंग फिल्मों के बारे में बताया, साथ अपने फेवरेट एक्टर का जिक्र भी किया।
प्रीति जिंटा से फैन ने पूछा कि उन्हें क्रिकेट और फिल्मों में से किसी एक को चुनना पड़ा तो वह किसका चुनाव करेंगी। इस पर प्रीति जवाब देती हैं, 'मैंने 18 साल पहले क्रिकेट को चुना था। इस साल दो फिल्मों में नजर आऊंगी। मैं सनी देओल के साथ एक फिल्म कर रही हूं। यह 13 अगस्त 2026 को रिलीज होगी।'





# 'ताल-2' के लिए दर्शकों को कुछ नया चाहिए

निर्देशक सुभाष घई जल्द ही दर्शकों के लिए अपनी म्यूजिकल ड्रामा फिल्म 'ताल' का सीक्वल लेकर आ रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने फिल्म को लेकर चल रही कुछ अफवाहों पर विराम लगाया। गुरुवार को निर्देशक ने इंस्टाग्राम के जरिए अपने प्रशंसकों को बताया कि वे 'ताल' के सीक्वल पर काम कर रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'ओल्ड और सीनियर में फर्क होता है। 'ताल' की ऑरिजिनल कास्ट के सभी कलाकार ऐश्वर्या राय बच्चन, अक्षय खन्ना और अनिल कपूर आज भी एक्टिव सुपरस्टार और मेरे अजीज मित्र हैं, लेकिन 'ताल-2' के लिए दर्शकों को कुछ नया चाहिए, जिसमें नई कहानी, नए चेहरे और एक भव्य म्यूजिकल अंदाज। यह कोई सीधा सीक्वल नहीं है।' उन्होंने अपनी बात को खत्म करते हुए लिखा, 'हम आज के समय का एक म्यूजिकल बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें मजबूत स्क्रिप्ट, सही कास्टिंग, शानदार म्यूजिक और बेहतरीन प्रोडक्शन के साथ बिल्कुल नए चेहरे होंगे, जिन्हें पहले कभी स्क्रीन पर नहीं देखा गया। उम्मीद है हम इस कोशिश में सफल होंगे।' 1999 में रिलीज हुई फिल्म 'ताल' सुभाष घई द्वारा निर्देशित एक ब्लॉकबस्टर हिंदी संगीतमय रोमांटिक ड्रामा है। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय बच्चन, अक्षय खन्ना और अनिल कपूर मुख्य भूमिकाओं में दिखे। तीनों मुख्य कलाकारों की भूमिकाओं के लिए दर्शकों की खूब सराहनी मिली थी। बताया जाता है कि इस म्यूजिकल ड्रामा में ऐश्वर्या राय बच्चन ने लगभग पूरी फिल्म बिना मेकअप के काम किया था, ताकि उनकी नेचुरल खूबसूरती और सादगी उभर कर आए। 'रमता जोगी' और 'ताल से ताल मिला' जैसे गानों में उनका डांस और अभिनय आज भी आइकॉनिक है। इस फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया था, जो उस समय काफी लोकप्रिय हुआ था। यहां तक कि आज भी इसके गाने पसंद किए जाते हैं।

# काजल अग्रवाल ने नयनतारा को रिप्लेस किया



**नंदमुरी बालकृष्ण और डायरेक्टर गोपीचंद मालिनेनी अब साथ मिलकर एक फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम फिलहाल NBK111 रखा गया है। इस फिल्म में नयनतारा को बतौर फीमेल लीड साइन किया गया था, पर अब खबर है कि वह अब इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं और उनकी जगह काजल अग्रवाल ने ले ली है। बताया जा रहा है कि काजल ने नंदमुरी बालकृष्ण स्टारर इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है।**

रिपोर्ट के मुताबिक, नयनतारा अब नंदमुरी बालकृष्ण और गोपीचंद की फिल्म NBK111 का हिस्सा हिस्सा नहीं हैं और उनकी जगह किसी और को लिया गया है। काजल अग्रवाल ने नयनतारा को रिप्लेस कर दिया है। फिल्म की टीम के मुताबिक, काजल अग्रवाल इस रोल के लिए एकदम परफेक्ट हैं और नंदमुरी बालकृष्ण संग उनकी जो ड़ी एक नयापन लाएगी।

### इन 3 वजहों से नहीं बनी बात

अब सवाल ये है कि नयनतारा ने नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म क्यों छोड़ी? तो इसकी कुछ वजहें सामने आई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक तो नयनतारा ने इस फिल्म के लिए करीब 10 करोड़ रुपये फीस मांगी, और दूसरा ये कि मेकर्स को नयनतारा की डेट्स मैच करने में दिक्कत हो रही थी। तीसरी वजह यह बताई जा रही है कि नयनतारा किसी भी फिल्म के प्रमोशन में हिस्सा नहीं लेती हैं। वो किसी फिल्म को प्रमोट नहीं करतीं। इसी कारण मेकर्स को नयनतारा के साथ सामजस्य बिठाने में मुश्किलें आ रही थीं। इसलिए उन्होंने मूव ऑन करने का फैसला किया।

### काजल अग्रवाल एडजस्टमेंट के लिए तैयार

वहीं, काजल अग्रवाल NBK111 के लिए अपनी डेट्स एडजस्ट करने के लिए मान गई हैं। उनकी फीस भी फिल्म के हिसाब से है और वह प्रमोशन के लिए भी राजी हैं। मालूम को NBK111 के मेकर्स ने नयनतारा के बर्थडे पर इस फिल्म से उनके जुड़ने का ऐलान किया था। इसे एक मास एक्शन फिल्म बताया जा रहा है। मेकर्स ने कुछ एक्शन सीन्स के साथ फिल्म का अहम शेड्यूल शूट कर लिया है। अब फिल्म के टाइटल पर काम चल रहा है। ऐसी भी खबरें हैं कि इस फिल्म में एक और एक्ट्रेस नजर आएगी, जिसकी तलाश जारी है, पर अभी मेकर्स की तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ भी कन्फर्म नहीं किया गया है।

### नयनतारा और काजल अग्रवाल की आने वाली फिल्में

नयनतारा की बात करें, तो वह अब सलमान खान के साथ दिल राजू की फिल्म में नजर आएंगी। हाल ही उन्होंने मुंबई में सलमान संग इस फिल्म का मुहूर्त शूट किया था। मेकर्स ने शूट का एक वीडियो भी शेयर किया था, जिसने फैंस को क्रेजी कर दिया था। वहीं, काजल अग्रवाल अब नितेश तिवारी की 'रामायणम' में भी नजर आएंगी। इसमें वह लंकापति रावण की पत्नी मंदोदरी के किरदार में नजर आएंगी।



## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन : स्थानीय चुनाव हारने की प्रधानमंत्री स्टार्मर ने ली जिम्मेदारी

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में स्थानीय परिषदों और स्कॉटलैंड-वेल्स की संसदों के लिए गुरुवार को हुए चुनावों के नतीजे शुक्रवार को आना शुरू हुए। इनमें पीएम कीर स्टार्मर की लेबर पार्टी हारी है और आप्रवासन विरोधी रिफॉर्म यूके जीती है। अब पीएम पर इस्तीफे का दबाव बढ़ गया है। पीएम स्टार्मर ने ?लेबर पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा, इससे उनके संकल्प में कमी नहीं आएगी। वेस्टमिंस्टर, साउथेम्प्टन, एक्सेटर, रेडडिच, वैंड्सवर्थ, हार्टलपूल, टैमवर्थ व टैमसाइड में लेबर हारी है।इन नतीजों को एकतरह से जनमत संग्रह माना जा रहा है।

### इंडोनेशिया : निवेश घोटालों में 210 विदेशी गिरफ्तार

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशियाई आव्रजन अफसरों ने सिंगापुर से 20 किमी दूर बाटाम द्वीप पर ऑनलाइन निवेश घोटालों में शामिल होने के आरोप में 210 विदेशी गिरफ्तार किए हैं। इनमें से 125 वियतनाम से, 84 चीन से और एक म्यांमार से थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में 163 पुरुष और 47 महिलाएं हैं। इनमें से अधिकांश पर्यटक या आगंतुक वीजा पर थे, जो काम करने या व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति नहीं देते हैं।

### हंतावायरस को लेकर स्पेन में अलर्ट

**मैड्रिड, एजेंसी।** स्पेन में स्वास्थ्य अधिकारियों ने हंतावायरस संक्रमण से प्रभावित क्रूज जहाज को लेकर अलर्ट जारी किया है। यह जहाज रविवार को कैनरी द्वीप समूह के टेनेरिफे पहुंचने वाला है।जहाज में 140 से ज्यादा यात्री और चालक दल के सदस्य मौजूद हैं। अब तक इस संक्रमण से तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि पांच यात्री संक्रमित पाए गए हैं। क्रूज कंपनी ने कहा है कि फिलहाल जहाज पर किसी में नए लक्षण नहीं दिखे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (ड्ढ॥्र) ने आम लोगों के लिए खतरे को कम बताया है और कहा है कि यह वायरस आसानी से एक व्यक्ति से दूसरे में नहीं फैलता। हालांकि, एंडीज वायरस के कुछ मामलों में सीमित मानव संक्रमण की आशंका रहती है।स्पेन सरकार यात्रियों को सुरक्षित तरीके से उतारने की तैयारी कर रही है। उन्हें छोटे समूहों में अलग-अलग नावों से लाया जाएगा और सीधे सुरक्षित बसों के जरिए एयरपोर्ट पहुंचाया जाएगा। एयरपोर्ट के कुछ हिस्सों को भी आम लोगों से अलग रखा जाएगा।इस बीच कई देशों में उन यात्रियों की तलाश जारी है, जो संक्रमण की पुष्टि से पहले जहाज छोड़ चुके थे।ब्रिटेन, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका और स्पेन में संदिग्ध मामलों की जांच की जा रही है।

### अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में संदिग्ध ड्रग बोट तबाह, दो लोगों की मौत

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर में एक संदिग्ध ड्रग तस्करी वाली नाव पर हमला किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति बच गया।अमेरिकी दक्षिणी कमान ने सोशल मीडिया पर इस कार्रवाई का वीडियो भी जारी किया है। वीडियो में समुद्र के बीच एक नाव दिखाई देती है, जिसके बाद जोरदार विस्फोट होता है और आग की लपटें उठने लगती हैं।सेना ने बताया कि घटना के तुरंत बाद अमेरिकी कोस्ट गार्ड को बचाव अभियान शुरू करने के लिए सूचना दी गई। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नई आतंकवाद–रोधी रणनीति को मंजूरी दी है। इस रणनीति में ड्रग कार्टेल्स को खत्म करना सबसे बड़ी प्राथमिकता बताया गया है। सितंबर 2025 से अमेरिका लैटिन अमेरिकी समुद्री इलाकों में संदिग्ध ड्रग बोट्स के खिलाफ लगातार सैन्य कार्रवाई कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अब तक ऐसी कार्रवाइयों में करीब 193 लोगों की मौत हो चुकी है। उनका कहना है कि अमेरिकी सेना ने अब तक यह सार्वजनिक नहीं किया कि जिन नावों को निशाना बनाया गया, उनमें वास्तव में ड्रग्स थे या नहीं।

### पूर्व प्रिंस एंड्रयू को डराने के मामले में शख्स पर आरोप तय

**लंदन, एजेंसी।** पूर्वी इंग्लैंड में सैंड्रिंघम एस्टेट के पास पूर्व प्रिंस एंड्रयू (एंड्रयू माउंटबेटन–विंडसर) को धमकाने के आरोप में एलेक्स जेनकिंसन नामक व्यक्ति पर केस दर्ज किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार एक नकाबपोश व्यक्ति ने कुत्ते टहलाते समय एंड्रयू का पीछा किया और अपशब्द कहे। आरोपी को बुधवार शाम गिरफ्तार किया गया। एंड्रयू से जेफ्री एपस्टीन के साथ संबंधों के आरोपों के बाद शाही सम्मान छीना जा चुका हैं।

### दुबई में समुद्री हादसे में भारतीय क्रू सदस्य की मौत

**दुबई , एजेंसी।** दुबई में एक दुखद समुद्री हादसे में भारतीय जहाज के एक क्रू सदस्य की मौत हो गई। दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को इस घटना की पुष्टि करते हुए गहरा दुख जताया। हालांकि, अभी तक हादसे की पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। भारतीय मिशन ने बताया कि वह जहाज के मालिकों के संपर्क में है।

# यूक्रेन: 1 मई से अब तक रूसी हमलों में, 70 लोगों की मौत, 500 से अधिक घायल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यूक्रेन में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निगरानी मिशन ने बताया है कि 5 मई को रूसी सैन्य बलों के सिलसिलेवार हमलों में 28 लोगों की जान गई थी और 194 घायल हुए थे. 1 मई से 5 मई के दौरान, ड्रोन व मिसाइल हमलों में कम से कम 70 लोग मारे गए हैं और 500 से अधिक घायल हुए हैं. यूएन मिशन इन घटनाओं में हताहत होने वाले लोगों के बारे में जानकारी जुटा रहा है. रूसी सैन्य बलों ने 24 फ़रवरी 2022 को यूक्रेन में पूर्ण स्तर का आक्रमण शुरू किया था, जिसके बाद से देश एक विशाल मानवीय संकट से जूझ रहा है. लड़ाई के अग्रिम मोर्चे वाले इलाक़ों में आम नागरिकों कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है.।ज्ञख्स्र की प्रमुख डैनियल बैल के अनुसार, जिस स्तर पर आम नागरिक हताहत हुए हैं और कुछ ही दिनों के भीतर बड़े पैमाने पर इलाक़े प्रभावित हुए हैं, वह विशेष रूप से चिन्ताजनक बात है. '1 मई से अब तक, यूक्रेन के 14 क्षेत्रों में 570 से अधिक आम नागरिकों के मारे जाने या फिर उनके घायल होने की ख़बर है।



1 से 5 मई के बीच, रूसी सैन्य बलों ने यूक्रेन के अनेक शहरों पर कई हमले किए. 5 मई को ज़ैपोरिझिया में स्थित एक औद्योगिक इलाक़े में हवाई बमबारी में कम से कम 12 लोग मारे गए और 46 घायल हुए. इसी दिन, क्रामातोर्स्क और दोनेत्स्क क्षेत्रों के केन्द्रीय इलाक़ों को निशाना बनाया गया, जिनमें 6 लोगों की मौत हुई और 13 घायल हुए.शुक्रवार, 1 मई के बाद से, लम्बी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों और ड्रोन के सिलसिलेवार हमलों में यूक्रेन में बड़ी संख्या में आम नागरिक हताहत हुए हैं. ख़ारकीव द्निप्रो, ख़ेरसॉन, पोलतावा और ओडेसा क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित बताए गए हैं.कुछ हमलों में, आपात कर्मचारियों और अग्रिम पंक्ति के राहतकर्मियों के मारे जाने या घायल होने की ख़बर है. पहला हमला होने के बाद जब ये राहतकर्मी वहाँ बचाव प्रयासों में जुटे थे, तभी वहाँ दूसरा हमला भी हुआ.पोलतावा क्षेत्र में, 4-5 मई की रात्रि को एक गैस निष्कर्षण केन्द्र पर हुए ऐसे हमलों में आपात सेवाओं के 2 कर्मचारियों के हताहत होने की जानकारी है.ख़ेरसॉन में, 3 मई को कुछ स्वास्थ्यकर्मी कम दूरी तक मार करने वाले एक ड्रोन की चपेट में उस समय आ गए, जब वे पहले एक अन्य ड्रोन हमले से प्रभावित लोगों को चिकित्सा सहायता पहुँचा रहे थे. नागरिकों की रक्षा का दायित्वकई हमलों में दिन के समय में शहरी इलाक़ों पर शक्तिशाली हथियारों का इस्तेमाल किया गया, जिससे हताहतों की संख्या अधिक होने की आशंका है.मानवाधिकार मिशन की प्रमुख डैनियल बैल ने कहा कि अपनी जान गँवाने वाले या घायल होने वाले अनेक आम नागरिक, अपनी दैनिक गतिविधियों में - कार्यालय जाना, कामकाज करना, ख़रीदारी, चलने-फिरने - में व्यस्त थे या पिर पहले हो चुके हमलों में प्रभावित लोगों को सहायता मुहैया करा रहे थे. 'ऐसी परिस्थितियों में, आम नागरिकों को होने वाले नुक़सान का अनुमान पहले ही लगाया जा सकता है. 'रूसी महासंघ के क़ब्ज़े वाले इलाक़ों में भी 1-5 मई के दौरान हुए हमलों में 10 लोगों के मारे जाने की जानकारी है. इनमें 5 लोगों की मौत क्राइमिया स्वायत्त गणराज्य में हुए एक ड्रोन हमले में हुई थी. इसके अलावा, रूस के चेबॉकसारी में 5 मई को कम से कम 2 लोग मारे गए थे और 35 अन्य घायल हुए थे.यूएन मानवाधिकार निगरानी मिशन ने ध्यान दिलाया है कि अन्तरराष्ट्रीय मानवतावादी क़ानून के तहत, हमला करने वाले पक्ष का यह दायित्व है कि आम नागरिकों को हताहत होने से बचाने के लिए यथासम्भव क़दम उठाए जाएं. इनमें हमले के समय और इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों पर विचार करना भी है

## ट्रंप का बड़ा दावा: नौ युद्ध खत्म कराए, अब रूस-यूक्रेन की बारी; ईरान और हंतावायरस को लेकर कही ये बात

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी कूटनीतिक सफलताओं का दावा करते हुए एक बड़ा बयान दिया है। ईरान के साथ जारी तनाव और रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच राष्ट्रपति ने अपनी उपलब्धियां गिनाई। ईरान के मुद्दे पर राष्ट्रपति ट्रंप ने सकारात्मक रुख दिखाया है। उन्होंने कहा, 'हम बहुत अच्छा कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि ईरान के साथ चीजें अब सही रास्ते पर आ रही हैं।

**रूस और यूक्रेन के बीच शांति की पहल :** राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान युद्धों को समाप्त करने की अपनी क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'मैंने अब तक आठ युद्ध सुलझाए हैं, वास्तव में नौ युद्ध खत्म किए हैं। अब ऐसा लग रहा है कि हम 10वां युद्ध भी खत्म कर सकते हैं।' ट्रंप ने विशेष रूप से रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे लंबे संघर्ष को समाप्त करने की इच्छा जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे इन दोनों देशों के बीच जारी भीषण युद्ध को खत्म होते देखना



चाहते हैं। उनके इस बयान को वैश्विक राजनीति में अमेरिका की सक्रिय मध्यस्थता के रूप में देखा जा रहा है।

**हंतावायरस पर सरकार की सतर्कता :** स्वास्थ्य के मोर्चे पर, राष्ट्रपति ने हंतावायरस को लेकर देश को आश्वस्त किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि हंतावायरस के हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं। ट्रंप ने कहा, 'हमारे पास स्थिति पर काबू पाने के लिए बेहतरीन टीम है। विशेषज्ञ इस वायरस को बहुत अच्छी तरह जानते हैं।' उन्होंने कोविड-19 से इसकी तुलना करते हुए बताया कि हंतावायरस उतनी आसानी से नहीं फैलता है। सरकार के विशेषज्ञ इस पर बहुत बारीकी से नजर रख रहे हैं।

### श्रीलंकन एयरलाइंस के पूर्व सीईओ कपिला घर में मृत मिले

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंकन एयरलाइंस के पूर्व सीईओ कपिला चंद्रसेना शुक्रवार को अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। पुलिस के अनुसार उनका शव फंदा लगा हुआ मिला।

घटना भ्रष्टाचार मामले में उन्हें जमानत मिलने के कुछ ही दिनों बाद हुई है। उन पर विमानों की खरीद में रिश्वत लेने का आरोप था। हाल ही में अभियोजकों ने दावा किया था कि चंद्रसेना ने पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे को 6 करोड़ श्रीलंकाई रुपये की रिश्वत देने की बात स्वीकार की थी। हालांकि उनके वकीलों ने कहा कि यह बयान दबाव में लिया गया था।

## त्रिनिदाद और टोबैगो के दौरे पर पहुंचे जयशंकर



**त्रिनिदाद , एजेंसी।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर त्रिनिदाद और टोबैगो के दौरे पर पहुंच गए हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'त्रिनिदाद और टोबैगो में वापस आकर बहुत खुशी हो रही है। विदेश मंत्री शॉन सोबर्स को गर्मजोशी से स्वागत के लिए धन्यवाद। अगले दो दिनों में एक सफल यात्रा की उम्मीद है।

इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को गुयाना के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. फ्रैंक एंथनी से मुलाकात की। यह मुलाकात जॉर्जटाउन में उनके दौरे के दौरान हुई। दोनों नेताओं के बीच भारत और गुयाना के स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते सहयोग पर चर्चा हुई। जयशंकर इस समय कैरेबियाई देशों के दौरे पर हैं। उन्होंने पहले जमैका और फिर सूरीनाम का दौरा किया। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि भारत और गुयाना के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है और दोनों देशों के रिश्ते आगे भी बेहतर होंगे। भारत पहले से ही कई देशों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं और मेडिकल तकनीक के क्षेत्र में साझेदारी बढ़ा रहा है। गुयाना के साथ भी भारत चिकित्सा सहायता और स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास में सहयोग कर रहा है। इस मुलाकात को दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# गांव उनिंदा को जलभराव से मुक्ति दिलाने के लिए सिंचाई विभाग ने तैयार की रूपरेखा

### अधीक्षण अभियंता ने किया मौके का निरीक्षण

### सीएम नायब सिंह सैनी 58वीं बाढ़ राहत बैठक में करेंगे प्रोजेक्ट को मंजूर



**भीम प्रज्ञा न्यूज.अटेली।**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के स्थाई समाधान की दिशा में निरंतर समर्पित है। इसी कड़ी में हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की विशेष सक्रियता के चलते खंड अटेली के गांव उनिंदा को दशकों पुराने बरसाती पानी के संकट से उबारने की तैयारी शुरू हो गई है। गांव की भौगोलिक स्थिति और रेलवे लाइन के नीचे बनी पुलिया से आने वाले अनियंत्रित जलप्रवाह के कारण हर साल यहां की बस्ती टापू में तब्दील हो जाती थी, जिससे न केवल मकानों की नींव कमजोर हो रही थी, बल्कि जलभराव के कारण महामारी फैलने का भय भी बना रहता था। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्राम पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने सरपंच शीशपाल यादव के नेतृत्व में पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से भेंट की थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए मंत्री ने सिंचाई विभाग को तुरंत कार्ययोजना बनाने के निर्देश जारी किए थे।

सरकार की इसी जनहितैषी मंशा को धरातल पर उतारने के लिए सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता इंजी. अमित कुमार रघुवंशी ने विभाग की पूरी टीम के साथ 7 मई को गांव उनिंदा का दौरा किया। मौके पर मौजूद सरपंच व ग्रामीणों की शिकायत को जायज पाते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि बस्ती में घुसने वाला यह पानी जन-जीवन के लिए बड़ा खतरा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता और उपमंडल अधिकारी को कड़े निर्देश दिए कि वे तत्काल प्रभाव से इस समस्या के निवारण हेतु तकनीकी एस्टीमेट तैयार करें। इस विशेष प्रोजेक्ट को आगामी 58वीं बाढ़ राहत कार्यों की बैठक में स्वीकृति हेतु भेजा जाएगा ताकि मानसून से पूर्व या यथाशीघ्र इस पर कार्य शुरू हो सकें।निरीक्षण के दौरान कार्यकारी अभियंता इंजी. संदीप नसीहर, उप मंडल अधिकारी इंजि. राजेश कुमार वर्मा, सरपंच शीशपाल यादव सहित ग्राम सचिव एवं पंचायत सदस्य भी मौजूद रहे।

# इस्राइल-लेबनान के बीच 14-15 मई को अगले दौर की बातचीत, अमेरिकी विदेश विभाग ने दी जानकारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश विभाग ने जानकारी दी है कि इस्राइल और लेबनान के बीच अगले दौर की बातचीत 14 और 15 मई को होगी। इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच एक व्यापक शांति और सुरक्षा समझौता करना है। साथ ही इसमें हिजबुल्लाह से जुड़े मुद्दों पर भी बात होगी। अमेरिका इस पूरी बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभाएगा।

**क्या बोले अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता :** अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता थॉमस टॉमी पिगॉट ने शुक्रवार को एक बयान जारी किया। उन्होंने बताया कि आने वाली बातचीत 23 अप्रैल को हुई बातचीत के आधार पर आगे बढ़ेगी। उस बैठक का नेतृत्व खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया था। अमेरिका इन दो दिनों की बातचीत में दोनों देशों की सरकारों के बीच तालमेल बिठाने का काम करेगा।

विदेश विभाग के अनुसार, दोनों देशों के प्रतिनिधि शांति और सुरक्षा के ढांचे पर विस्तार से चर्चा करेंगे। इसमें सीमाओं का निर्धारण और लेबनान के लिए मानवीय सहायता जैसे विषय शामिल होंगे। अमेरिका का लक्ष्य पिछले दो दशकों के उन असफल तरीकों को बदलना है, जिनकी वजह से हिजबुल्लाह जैसे उग्रवादी गुट मजबूत हुए। इन गुटों ने लेबनान की सरकारी सत्ता को कमजोर किया और इस्राइल की उत्तरी सीमा के लिए खतरा पैदा किया।

**बातचीत का केंद्र शांति स्थापित करना :** अमेरिका ने साफ किया है कि बातचीत का केंद्र लेबनान की संप्रभुता को बहाल करना और लंबे समय के लिए क्षेत्र में स्थिरता व शांति लाना है। दोनों पक्ष अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए तैयार हैं। अमेरिका मतभेदों को दूर करने की कोशिश करेगा ताकि इस्राइल को सुरक्षा और लेबनान को पुनर्निर्माण में मदद मिल सके। अमेरिकी विदेश विभाग ने इस बात पर जोर दिया कि शांति तभी संभव है जब लेबनान की सरकार का अपनी जमीन पर पूरा अधिकार हो। इसके लिए हिजबुल्लाह का पूरी तरह निहत्था होना जरूरी है। बता दें कि अमेरिका हिजबुल्लाह को एक विदेशी आतंकी संगठन मानता है।

**स्थायी शांति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम :** बयान में आगे कहा गया, ये चर्चाएं दशकों से चले आ रहे संघर्ष को खत्म करने और दोनों देशों के बीच स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम हैं। पिछले महीने, ट्रंप ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो, इस्राइल में राजदूत माइक हकाबी और लेबनान में राजदूत मिशेल इस्सा के साथ एक बैठक के बाद, दोनों पक्षों के बीच 10-दिन के संघर्ष विराम को बढ़ाने की घोषणा की। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर बताया कि युद्धविराम को तीन हफ्तों के लिए बढ़ाया गया है।

## युद्ध के बीच और ताकतवर हुआ ईरान? कहा- 120 फीसदी बढ़ गया मिसाइलों का स्टॉक, झुकेंगे नहीं

**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध में अब डेडलॉक की स्थिति बन गई है। एक तरफ जहां दोनों पक्षों के बीच सीजफायर को लेकर बातचीत जारी है, वहीं दूसरी तरफ दोनों देश स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में एक दूसरे के जहाजों पर हमले भी कर रहे हैं। ऐसे में युद्ध खत्म होने की संभावना खत्म हो रही है। इस बीच ईरान ने अमेरिका को एक बार फिर बड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह किसी भी हालत में झुकेगा नहीं। इस दौरान ईरान ने यह भी दावा किया कि वह पहले से ज्यादा ताकतवर हो गया है और उसके मिसाइलों का स्टॉक 120 फीसदी बढ़ गया है। शुक्रवार को ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यह बातें कही हैं। उन्होंने दावा किया कि ईरान की मिसाइल क्षमता और लॉन्चरों की संख्या काफी बढ़ गई है। अराघची ने लिखा, 'जब भी मेज पर कूटनीतिक समाधान निकल रहा होता है, अमेरिका एक लापरवाह सैन्य दुस्साहस का विकल्प चुनता है। क्या यह दबाव बनाने की घटिया चाल है या फिर अमेरिकी राष्ट्रपति को एक बार फिर किसी दलदल में धकेलने की कोशिश?

**क्या बोले अराघची :** पोस्ट में उन्होंने वाशिंगटन पोस्ट की उस रिपोर्ट को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि ईरान के पास अब केवल 75 फीसदी लॉन्चर और 70 फीसदी मिसाइल भंडार बचा है। अराघची ने कहा कि ईरान राष्ट्र की रक्षा के लिए 1000 फीसदी तैयार है और 28 फरवरी की तुलना में



उसके मिसाइल स्टॉक 120 फीसदी ज्यादा बढ़ चुके हैं। इस बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की नौसेना ने शुक्रवार सुबह अमेरिकी जहाजों पर हमले का दावा किया है। ईरान का दावा है कि यह कार्रवाई संघर्ष विराम के उल्लंघन और उसके एक तेल टैंकर के खिलाफ अमेरिकी सेना की आक्रामक गतिविधियों के जवाब में की गई है। ईरानी नौसेना ने बताया कि खुफिया निगरानी से पता चला है कि इस हमले में अमेरिकी सैन्य जहाजों को काफी नुकसान पहुंचा है। ईरान का दावा है कि हमले के बाद अमेरिकी सेना के तीन जहाज इस रास्ते से तेजी से पीछे हट गए हैं। वहीं अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने शुक्रवार को कहा है कि उसने दो और ईरानी टैंकरों को निष्क्रिय कर दिया है। अमेरिकी सेना ने कहा कि यह जहाज अमेरिकी नाकाबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहे थे।

**युद्धविराम पर अब भी जारी है चर्चा :** इस बीच युद्धविराम को लेकर बातचीत जारी है। दोनों देशों के बीच 30 दिनों के लिए युद्धविराम और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने के प्रस्ताव पर बातचीत चल रही है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक बयान में कहा है कि अमेरिका अब भी ईरान के जवाब का इंतजार कर रहा है।

# भारत के खिलाफ नेपाल के पीएम बालेन को उकसा रहे विपक्षी दल

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में एक बार फिर लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी का मुद्दा गरमा गया है। नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। विपक्ष की मांग है कि सरकार अब सिर्फ 'डिप्लोमैटिक नोट' तक सीमित न रहे और इन क्षेत्रों को 'वापस' लेने के लिए भारत और चीन के साथ उच्च स्तरीय बातचीत शुरू करे। गौरतलब है कि नेपाल इन भारतीय क्षेत्रों पर अपना दावा ठोकता रहा है। भारत इन दावों को खारिज करता रहा है।

**क्या है ताजा मामला :** भारत और चीन ने 2026 के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने का फैसला किया है। यात्रा जून से अगस्त तक चलेगी, जिसमें लिपुलेख दर्रे (उत्तराखंड) के रास्ते एक रूट और नाथू ला (सिक्किम) के रास्ते दूसरा रूट शामिल है। नेपाल सरकार का कहना है कि लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी उसके क्षेत्र में आते हैं और बिना उसकी सहमति के यात्रा या कोई गतिविधि नहीं होनी चाहिए। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने 1816 की सुगौली संधि का हवाला देते हुए दोनों देशों को अलग-अलग डिप्लोमैटिक नोट भेजे। भारत ने नेपाल के दावों को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि लिपुलेख मार्ग 1954 से ही यात्रा के लिए इस्तेमाल होता आ रहा है और यह कोई नई बात नहीं है।

**भारत के खिलाफ नेपाल के पीएम बालेन को उकसा रहे विपक्षी दल :** नेपाली संसद के निचले सदन (प्रतिनिधि सभा) की अंतरराष्ट्रीय संबंध और पर्यटन समिति की सिंघ दरबार में बैठक हुई। इसी बैठक में विपक्षी सांसदों ने यह मुद्दा उठाया। 'कैलाश मानसरोवर यात्रा' के लिए लिपुलेख मार्ग का इस्तेमाल किए जाने को लेकर वहां के नेताओं में नई बेचैनी देखने



को मिल रही है। वे नेपाल के नए पीएम बालेन शाह पर दबाव डाल रहे हैं कि भारत से सीधी बात करें।

**विपक्षी सांसदों ने क्या-क्या कहा? : आमने-सामने हो बातचीतः** नेपाली कांग्रेस के सांसद संदीप राणा ने कहा कि नेपाल को अब अपने दोनों पड़ोसियों के साथ सीधी 'टेबल टॉक' यानी आमने-सामने बातचीत करने में देरी नहीं करनी चाहिए। राणा ने एक विवादित बयान देते हुए दावा किया, 'लिपुलेख हमारी जमीन है और इसका इस्तेमाल कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए किया जा रहा है। सीपीएन (यूएमएल) की सांसद भूमिका लिंबू सुब्बा ने लिपुलेख पर भारत की प्रतिक्रिया को 'गैर-जिम्मेदाराना' करार दिया। माओवादी सेंटर के सांसद प्रमेश कुमार हमाल ने सरकार से अपील की है कि वह इस मुद्दे पर देश की अन्य राजनीतिक ताकतों को भी अपने साथ ले।

**क्या है भारत का रुख :** आपको बता दें कि जब नई दिल्ली ने कैलाश मानसरोवर यात्रा का ऐलान किया था, उसके बाद नेपाल के विदेश मंत्रालय ने भारत और चीन दोनों को कूटनीतिक पत्र भेजे थे। भारत ने नेपाल द्वारा किए गए क्षेत्रीय दावों की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें 'एकतरफा और कृत्रिम विस्तार' करार दिया है और इसे पूरी तरह से गलत बताया है। लिपुलेख को लेकर नेपाल की आपत्तियों पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में, विदेश मंत्रालय (रू्श्व) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने भारत के पूर्व में जारी किए गए बयानों का हवाला देते हुए कहाः कैलाश मानसरोवर यात्रा 1954 से इसी मार्ग के जरिए हो रही है। यह कोई नई बात नहीं है। इसलिए स्थिति वहीं है जो पहले थी। उन्होंने आगे कहा, 'यह कोई नया घटनाक्रम नहीं है... हमने अपने बयान में स्पष्ट रूप से कहा है कि क्षेत्र का एकतरफा और कृत्रिम विस्तार करने का दावा सही नहीं है। सीमा विवाद पर बातचीत के लिए भारत का रुख नेपाल के साथ अन्य मुद्दों पर चर्चा के बारे में बात करते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि नई दिल्ली हमेशा बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया, 'अगर कोई सीमा संबंधी विवाद है, तो हम उस पर भी चर्चा करने के लिए तैयार हैं। लेकिन, एकतरफा दावा करना सही तरीका नहीं है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com